नई दिल्ली

बुधवार 6 मई 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 17

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 38

न्यून. 28


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत

### जारी की गई आरएफआई, तय की गई शर्तों में 20 टन वजन को दी गई खासी अहमियत

# यूक्रेन युद्ध के चलते कलपुर्जों का संकट...अब लीज पर 3 मालवाहक हेलीकॉप्टर खरीदेगी वायुसेना

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच बीते करीब चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध का भारत की सामरिक तैयारियों पर भी प्रभाव पड़ा है। हथियारों और सैन्य उपकरणों की मरम्मत और उनके लिए कलपुर्जों की निर्बाध गति से आपूर्ति को बनाए रखने जैसी कुछ परेशानियां साफ तौर पर महसूस की जा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय वायुसेना के सामने भी अपने विशालकाय मी-26 हेलीकॉप्टरों को लगातार सेवा में बनाए रखने के लिए कलपुर्जों का संकट खड़ा हो गया है। जिसकी वजह से बल ने तत्काल समाधान के रूप में अब इसी श्रेणी के 3 अल्ट्रा हेवी लिफ्ट हेलीकॉप्टर (यूएचएलएच) लीज पर लेने का निर्णय लिया है। जिसके ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

#### शर्तों में शामिल किए गए मुख्य बिंदु

वायुसेना ने आरएफआई में हेलीकॉप्टरों को लेकर कुछ तकनीकी शर्तें भी रखी हैं। साथ ही खरीद की प्रक्रिया को 'डैम्प लीज मॉडल' के तहत पूरा करने पर जोर दिया है। शर्तों में हेलीकॉप्टर का कुल वजन 20 टन और उड़ान के साथ हेलीकॉप्टर की अधिकतम गति 230 किलोमीटर प्रति घंटा होनी ही चाहिए। साथ ही यह अपने साथ भारी भरकम सैन्य साजो-सामान, रसद, हथियार और वाहन ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### यह है वायुसेना का डैम्प लीज मॉडल?

आरएफआई में वेंडरों (विक्रेता कंपनियों) को जवाब देने के लिए एक महीने की समयसीमा रखी गई है। एक बार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद यह हेलिकॉप्टर करीब तीन से छह महीने के भीतर कंपनी द्वारा वायुसेना को सौंप दिया जाएगा। आरएफआई में दी गई शर्तों के अलावा वायुसेना ने इस खरीद को डैम्प लीज मॉडल के आधार पर क्रियान्वित करने की योजना बनाई है। जिसके तहत वायुसेना हेलीकॉप्टर को तो बाहर से यानी वेंडर से खरीदेगी। लेकिन उनके इस्तेमाल और मरम्मत की जिम्मेदारी पूरी तरह से उसी की होगी। जिसका ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### यूक्रेन से आते थे मी-26 के कलपुर्जे

उल्लेखनीय है कि भारत ने 1986 से 1989 के बीच तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) से 4 मी-26 हेलीकॉप्टरों की खरीद की थी। इनका उपयोग लेह-लद्दाख और सियाचिन जैसे अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सेना द्वारा भारी भरकम सैन्य सामग्री, बड़े हथियारों, रसद और जवानों की आवाजाही के लिए किया जाता था। इन हेलीकॉप्टरों को दुनिया के सबसे बड़े हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है। अभी फिलहाल भारत के पास 3 मी-26 हेलीकॉप्टर हैं। जो ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



IPL आज का मुकाबला

एसआरएच पीबीकेएस

शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से होगी 38



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के जजों को लेकर बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 से बढ़ाकर 38 करने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला छह साल बाद लिया गया है, जब 2019 में इसे 31 से बढ़ाकर 33 किया गया था।

### मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान, 500 गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के 'नशा मुक्त अभियान' के तहत अब तक 500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 14.50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की गई है। यह अभियान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की पहल पर 11 अप्रैल को जम्मू से शुरू किया गया था। अभियान के दौरान 4.7 किलोग्राम हेरोइन, 27.13 किलोग्राम चरस और 209 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया।

### यूपीएससी परिणामों में होगा उपजाति का ब्योरा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि सिविल सेवा परीक्षा की अंतिम सूचियों में उप-जाति संबंधी विवरण शामिल किए जाएं ताकि इस बात का बेहतर ढंग से आकलन हो सके कि आरक्षण नीति के लाभ विभिन्न जाति समूहों में कैसे वितरित किए जाते हैं। यह सुझाव आरटीआई आवेदक की दूसरी अपील का निपटारा करते हुए दिया गया।

### ईरान के यूएई पर किए गए हमलों में घायल हुए तीन भारतीय, प्रधानमंत्री ने की कड़ी निंदा

# एक्स पोस्ट में बोले, भारत के लिए बुनियादी और नागरिक ढांचों को निशाना बनाना अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**बातचीत, कूटनीति से सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकाला जाना चाहिए, पश्चिम-एशिया संकट के बीच मारे गए 8 भारतीय, 1 अभी तक लापता है**

अमेरिका-इजरायल के साथ पिछले 67 दिनों से जारी भीषण युद्ध के बीच ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज जोन (एफओआईजेड) पर मिसाइलों और ड्रोन के जरिए किए गए बड़े हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ईरान की तरफ से किए गए इन हमलों की कड़ी निंदा की है। साथ ही यह भी कहा कि हमें नागरिक और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना कतई स्वीकार नहीं है। इन हमलों के बीच भारत, यूएई के साथ पूरी दृढ़ता और एकजुटता से खड़ा है। 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए पीएम ने यह जानकारी दी है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान के माध्यम से भारत का रुख ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### संवाद-कूटनीति ही समाधान का रास्ता

प्रधानमंत्री ने पोस्ट में यह भी लिखा कि हम सभी मुद्दों का बातचीत और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के लिए चल रहे सभी प्रयासों को अपना समर्थन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से नौवहन की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



#### ईरान की दबाव बनाने की रणनीति

जानकारों की मानें तो ईरान द्वारा खाड़ी क्षेत्र के देशों में मौजूद तेल और गैस के तमाम बड़े केंद्रों और सुविधाओं को निशाना बनाने के पीछे उसकी असली मंशा अमेरिका और क्षेत्र में मौजूद उसके अन्य सहयोगी देशों पर दबाव बनाने की है। जिससे वह इस युद्ध का रुख मोड़ने या इसे जल्द रोकने के लिए विवश हो जाएंगे। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि इस साल 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक ईरान ने इलाके में सऊदी अरब, कतर और यूएई में मौजूद तेल और गैस के अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। इसी क्रम में बीते वक्त में उसने कतर के रास लफान औद्योगिक शहर पर मिसाइलों से हमला किया था। यह केवल एक औद्योगिक शहर पर किया गया हमला नहीं था। बल्कि रास लफान दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लाई का केंद्र है और यहां से दुनिया में ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### तुरंत खत्म हो हर प्रकार की शत्रुता

विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि फुजैराह में हुए हमले में घायल हुए तीन नागरिकों के मामले को भारत किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। हम मांग करते हैं कि सभी प्रकार की शत्रुता को तुरंत खत्म करने, नागरिक ढांचों और बेकसूर लोगों को निशाना बनाए जाने पर रोक लगनी चाहिए। साथ ही इस परिस्थिति से मुकाबला करने के लिए लगातार बातचीत और ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### वैश्विक कानूनों पर रहे ध्यान

मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियम और कानूनों के मुताबिक होर्मुज जलडमरूमध्य से नौवहन और वाणिज्य तथा व्यापार की स्वतंत्र तथा निर्बाध आवाजाही को बनाए रखने की अपील करता है। बातचीत और कूटनीति के जरिए सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के लिए किए जा रहे हर तरह के प्रयासों को समर्थन प्रदान किया जाएगा।

#### घायलों की देखभाल में जुटा दूतावास

यूएई में भारत के दूतावास ने बीते 4 मई को इस हमले की जानकारी देते हुए बताया था कि फुजैराह में हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं। जिनके लिए पर्याप्त चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए दूतावास का स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बना हुआ है। ये जानकारी दूतावास ने अपनी एक्स पोस्ट में दी थी।

#### युद्ध के बीच भारत ने खोए 8 नागरिक

गौरतलब है कि क्षेत्र में युद्ध के हालात में अब तक भारत के कुल 8 नागरिकों की मौत हो चुकी है। जबकि 1 अन्य लापता है। वहीं, होर्मुज की खाड़ी के इलाके में भारत के कुल करीब 13 मालवाहक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राहुल गांधी ने फिर साधा चुनाव आयोग पर निशाना

## चुनाव चोरी के आरोपों से गरमाई सियासत, ममता ने इस्तीफा देने से किया मना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### कई राज्यों का किया जिक्र

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह कोई नई रणनीति नहीं है, बल्कि पहले भी कई राज्यों में इसी तरह की "चुनावी हेराफेरी" देखी जा चुकी है। उन्होंने मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और 2024 के लोकसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि "हमने यह प्लेबुक पहले भी देखी है।"

### वह (ममता बनर्जी) हर बात पर अड़ियल रवैया अपनाती हैं, लेकिन बाद में मान जाती हैं: दिलीप घोष

## ममता के इस्तीफा नहीं देने के बयान पर भाजपा ने दिखाया आईना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भी राजनैतिक उठापटक कम नहीं हो रही है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा है कि वो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी क्योंकि वो हारी नहीं हैं। ममता बनर्जी के इस बयान पर बीजेपी के नवनिर्वाचित विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि संविधान में

**ममता बनर्जी का बंगाल की मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा न देने की इच्छा रखना असंवैधानिक: देबजीत**

सब कुछ लिखा है, मुझे ज़्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

इसके अलावा बीजेपी विधायक दिलीप घोष ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने शिकायत करती हैं, तो उससे कुछ हासिल नहीं होने वाला। जनता का जनादेश ही सर्वोपरि है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पंजाब के मोहाली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

## इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक में धमाका, 5 यात्री घायल

**पूरे कैबिन में फैला धुआं इमरजेंसी स्लाइडर की मदद से यात्रियों को उतारा गया**

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट चंडीगढ़ पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इंडिगो की फ्लाइट 6ई108 के लैंड होने के तुरंत बाद विमान के अंदर अचानक धुआं फैल गया। विमान में सीट नंबर 39-40 के पास रखे एक पावर बैंक में विस्फोट होने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद कुछ ही पलों में धुआं पूरे कैबिन में फैल गया और यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग और धुएं पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद विमान को पार्किंग बे पर खड़ा कर इमरजेंसी गेट खोले गए और यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइडर के जरिए तेजी से नीचे उतारा गया। इस दौरान स्लाइडर से उतरते समय 5 से 6 यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ वरिष्ठ नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को तत्काल इलाज के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईआईटी मद्रास के प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री

## भारत को चाहिए एक मजबूत संस्थागत रूप से सुव्यवस्थित नवाचार इकोसिस्टमः प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राजधानी के भारत मंडपम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी-एम) द्वारा आयोजित किए गए 'प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन-2026' को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्यरूप से इस बात पर जोर दिया कि देश का नवाचार इकोसिस्टम मजबूत होने के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परस्पर सहयोगात्मक और संस्थागत रूप से सुव्यवस्थित भी होना चाहिए। भारत निर्माण केवल एक उद्देश्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### 50:50 की संतुलित साझेदारी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसंधान और नवाचार के लिए एक नया, सक्षम इकोसिस्टम बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता बनी हुई है। जिसके तहत केंद्र ने 1 लाख करोड़ रुपए का आवंटन भी किया है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो वर्तमान में 70% अनुसंधान निवेश सरकार द्वारा ही किया जाता ▶▶ शेष पेज 5 पर






### जेपी नड्डा केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर असम में पार्टी विधायक दल की बैठक में रहेंगे मौजूद

### पश्चिम बंगाल और असम में सरकार गठन के लिए भाजपा ने शुरू की कवायद

## भाजपा ने अमित शाह को पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बंगाल और असम में सरकार गठन की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को असम के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति राज्य में विधायक दल के नेता के चयन और सरकार गठन की प्रक्रिया की निगरानी के लिए की गई है। बंगाल और असम में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। इसके बाद अब सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी मंगलवार को जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पार्टी के संसदीय बोर्ड ने यह फैसला लिया है कि पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। भाजपा आलाकमान ने केंद्रीय गृहमंत्री



अमित शाह को पश्चिम बंगाल का 'पर्यवेक्षक' और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। नड्डा को असम को पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सह पर्यवेक्षक बनाया गया है। भाजपा ने गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल के लिए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को असम के लिए विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय प्रर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बंगाल बीजेपी अध्यक्ष ने घोषणा की है कि 9 मई को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

#### सभी को उम्मीद सुवेंदु बन सकते हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इस बात की उम्मीद जताई जा रही है कि ममता बनर्जी को हराने वाले सुवेंदु अधिकारी बंगाल के अगले सीएम हो सकते हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री फेस को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है।

## हवाला ऑपरेटर के तौर पर आई थी भूमिका सामने

# महाठग सुकेश चंद्रशेखर का सहयोगी नवास कक्कट अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ आर्थिक अपराध शाखा द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर दुबई में पकड़ा

217 करोड़ की ठगी के मास्टरमाइंड सुकेश चंद्र शेखर के सहयोगी नवास कक्कट इस्माइल उर्फ नवास को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इसका मुख्य हवाला ऑपरेटर के तौर पर नाम सामने आया था। नवास 2021 से फरार था और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर इसे दुबई में पकड़ा गया था। इंटरपोल की मदद से इसे भारत लाया गया। अदालत ने नवास का 10 दिन का पुलिस रिमांड दिया है।

सुकेश और इसके कई अन्य सहयोगियों के खिलाफ स्पेशल सेल ने 2021 में ठगी का केस दर्ज किया था। आरोप था कि सुकेश चंद्र शेखर रोहिणी जेल से जबरन वसूली का रैकेट चला रहा था। उसने अपने सह-आरोपी सहयोगियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता अदिति सिंह से 217 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की थी। इस मामले में अब तक मुख्य सरगना सुकेश चंद्र शेखर और उसकी पत्नी लीना पॉलोस सहित कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच से पता चला कि आरोपी नवास कक्कट इस्माइल उर्फ नवास की उसका मुख्य माध्यम और हवाला ऑपरेटर था, जिसने अपराध से अर्जित धन को छिपाने/लेयरिंग करने और ट्रांसफर करने में उसकी मदद की। आरोपी नवास कक्कट इस्माइल सुकेश के सिंडिकेट में सक्रिय रूप से शामिल पाया गया। वह सुकेश की ओर से भारत और विदेशों में विशेष रूप से दुबई में हवाला लेनदेन का प्रबंधन करता था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी नवास फरार चल रहा था। इस बात की प्रबल आशंका थी कि उसने भारत छोड़ दिया है और कहीं विदेश में रह रहा है। इसलिए आर्थिक अपराध शाखा द्वारा नवास कक्कट के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया गया। इसके बाद अबू धाबी के अधिकारियों से यह जानकारी मिली कि रेड कॉर्नर नोटिस के विषय नवास कक्कट मोहम्मद इस्माइल को हिरासत में ले लिया गया है और सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पेश किया गया है। इसके बाद सीबीआई के इंटरपोल डिवीजन के माध्यम से एनसीबी-अबू धाबी के साथ इस मामले को आगे बढ़ाया गया और 4 मई को आरोपी नवास कक्कट को नई दिल्ली हवाई अड्डे पर वापस भेज दिया गया। उसे आईजीआई हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया गया। नवास कालूर, कोच्चि, केरल का रहने वाला है। पुलिस को इसकी 10 दिन की रिमांड मिली है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### इंस्टा पर हथियार के साथ रील ने पकड़वाया



**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी बर्गरली सेल द्वारा सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वालों पर कार्रवाई की है। इस सिलसिले में डाबड़ी थाने के बीसी अमित उर्फ भोला को गिरफ्तार किया गया है। उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील पोस्ट की थी जिसमें वह एक हथियार लहरा रहा था। अपनी आपराधिक गतिविधियों के कारण उसे फरवरी 2026 में एक वर्ष की अवधि के लिए दिल्ली से निष्कासित भी कर दिया गया था। आरोपी पहले भी 11 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें हत्या का प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। इसके कब्जे से एक भरी हुई देसी पिस्टल, दो चोरी के महंगे मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी, घर में सेंधमारी और सामान्य चोरी के चार मामले सुलझा लिए गए हैं।

# नकली ब्रांडेड कपड़ों के रैकेट का भंडाफोड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ वसंत कुंज के एक होटल में लगी प्रदर्शनी से भारी मात्रा में सामान जब्त

क्राइम ब्रांच की पश्चिमी रेंज-1, ने नकली ब्रांडेड कपड़ों के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में वसंत कुंज के लग्जरी होटल द ग्रांड में लगी प्रदर्शनी से भारी मात्रा में सामान जब्त किया गया। बरामद सामान में पीटर इंग्लैंड, एलन सोली, मुफ्ती, वैन ह्यूसेन, जैक एंड जोन्स, केल्विन क्लेन, जारा, गेन्ट, यूएस पोलो और औरेलिया जैसे ब्रांडों के नकली रेडीमेड कपड़े, एक्सेसरीज, जूते-चप्पल और घड़ियों की भारी मात्रा शामिल है। माइकल कोर्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के महिलाओं के पर्स भी बरामद किए गए। इसके अलावा माइकल कोर्स, अरमानी एक्सचेंज और ओमेगा जैसी लग्जरी घड़ियों को सील कर दिया गया। 2 लाख 87 हजार 210 रुपये की नकद राशि के साथ-साथ स्वाइप मशीनें, क्यूआर कोड पेमेंट डिवाइस, बिल बुक और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी एक जाने-माने होटल में बड़े पैमाने पर एक अस्थायी प्रदर्शनी चला रहे थे, जिसमें वे ग्राहकों को यह विश्वास दिलाकर गुमराह कर रहे थे कि वे भारी छूट पर असली ब्रांडेड उत्पाद खरीद रहे हैं। इसकी शिकायत ब्रांड प्रोटेक्टर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अमनप्रीत सिंह और धीरेंद्र सिंह ने शिकायत की थी। टीम ने तीन मई को होटल पर छापा मारा। वहां डिस्काउंट सेल की आड़ में एक सुव्यवस्थित अस्थायी प्रदर्शनी चलती हुई पाई गई। इस पूरे ऑपरेशन को वैध दिखाने के लिए बिल जारी किए जा रहे थे और भुगतान की आधुनिक सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा था। इकबाल नामक 51 वर्षीय व्यक्ति निवासी तहसील पुन्हाना, जिला नूंह, हरियाणा प्रदर्शनी और बिक्री को सक्रिय रूप से संभाल रहा था। उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह सह-आरोपी फारुख अहमद के निर्देशों के तहत काम कर रहा था और उसे पूरी जानकारी थी कि बेचा जा रहा सामान डुप्लीकेट या नकली उत्पाद हैं। उसने आगे स्वीकार किया कि उसे बिक्री से होने वाले मुनाफे में से लगभग 8-10 प्रतिशत का हिस्सा मिलता था। आरोपी फारुख अहमद इस पूरी अवैध गतिविधि का मुख्य आयोजक और सरगना है।

## खबर संक्षेप



### आरबीआई भवन के सौर ऊर्जा पैनल में लगी आग

**नई दिल्ली।** संसद मार्ग पर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर इमारत की छत पर लगे सौर ऊर्जा पैनल में आग लगने के संबंध में सूचना दमकल विभाग को मिली थी। उधर कापसहेड़ा इलाके के कत्तर गोदाम में भी आग लगने की सूचना मिली है। दमकल की दर्जनों गाड़ियां देर शाम तक आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही थी।

### जानलेवा सड़क हादसे का आरोपी ट्रक चालक पकड़ा

**नई दिल्ली।** पार्लियामेंट स्ट्रीट थाना इलाके में 27/28 अप्रैल की दरमियानी रात बाइक सवार दो युवकों को कुचलने के मामले में आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी चालक का नाम टुनटुन उर्फ टीटू (20) बताया गया है। इसे सोमवार को बिहार के समस्तीपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी बिहार के सहरसा जिले के सल्कहुआ थाना क्षेत्र के गोरदाह गांव का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के यमुना खादर स्थित झुग्गी में रह रहा था। गौरतलब है कि अशोक रोड स्थित महादेव रोड टी-पॉइंट पर एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को दो युवकों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में यज्ञ भाटिया (20) और अभाव भाटिया (14) की मौत हो गई थी। दोनों आईपीएल का मैच देखकर घर लौट रहे थे।

## युवक की हत्या मामला : आप ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की कार्रवाई की मांग

■ आप विधायक संजीव झा ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक संजीव झा ने जाफरपुर कलां हत्याकांड मामले को लेकर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को एक पत्र लिखकर मांग की है कि बिहार से होने के कारण युवक की गोली मारने वाले पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, दिल्ली सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलवाएं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी ने दो लोगों को सिर्फ इसलिए गोली मार दी, क्योंकि उन्होंने खुद को बिहार का निवासी बता दिया था। अब यह मामला एक व्यक्ति की हत्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्वांचलियों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों का बन चुका है। ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं होती है तो सामाजिक असंतोष को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए बिहार से होने के नाते पूर्वांचल और बिहार के लोगों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं। संजीव झा ने अपने पत्र में लिखा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने दो व्यक्तियों से उनकी राज्यीय पहचान पूछी और बिहार का निवासी बताने पर उन पर गोली चला दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। संजीव ने अपने पत्र में नितिन नबीन से आग्रह किया है कि इस गंभीर प्रकरण पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित स्तर पर प्रभावी हस्तक्षेप सुनिश्चित करें। दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस पत्र के माध्यम से मैं यह भी निवेदन करता हूँ कि मृतक के परिजनों को न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता (अनुग्रह राशि) दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान की जाए तथा परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, जिससे परिवार को इस अपूरणीय क्षति के बाद आर्थिक एवं सामाजिक संबल मिल सके।

# ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड में शामिल पांच उत्तराखंड से धरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट और टास्क फ्रॉड में शामिल पांच लोगों को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया है। अभी तक की जांच में एनसीआरपी पर इनसे जुड़ी कई शिकायतों का पता चला है। आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। यह रैकेट पूरे भारत में काम कर रहे साइबर क्रिमिनल्स को म्यूल बैंक अकाउंट सप्लाई करता था।

पुलिस के अनुसार न्यू अशोक नगर के रहने वाले शशि रंजन भारती से एक कंप्लेंट मिली थी, जिन्होंने बताया कि उन्हें 6 अप्रैल को एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा गया था। फ्रॉड करने वालों ने खुद को डिजिटल मार्केटिंग प्रोफेशनल बताकर उन्हें अच्छे रिटर्न का वादा किया और प्रोडक्ट-बेस्ड ऑनलाइन टास्क और इन्वेस्टमेंट स्कीम में हिस्सा लेने के लिए उकसाया। उनके झांसे में आकर कंप्लेंट करने वाले ने कई ट्रांजैक्शन में पैसा इन्वेस्ट किया और आखिर में 1,01,869 की ठगी का शिकार हो गई। जांच के दौरान पता चला कि ठगी के पैसे का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में बैठे ठगों के अकाउंट में ट्रांसफर किया गया था। जांच में पता चला कि बेनिफिशियरी अकाउंट में से एक राज बछार का था, जिसमें ठगी की रकम में से 50 हजार ट्रांसफर किए गए थे। आगे की जांच से पता चला कि पैसे को बाद में लेयर्स में बांटा गया और क्राइम की कमाई को छिपाने की कोशिश में समीर बछार के अकाउंट समेत दूसरे अकाउंट्स के जरिए भेजा गया। एक टीम को तुरंत उत्तराखंड भेजा गया। लगातार टेक्निकल सर्विलांस, लोकल इंटेलिजेंस इकट्ठा करने, डिटेल में पूछताछ और लोकल अधिकारियों के साथ करीबी तालमेल के जरिए टीम ने रैकेट में शामिल सभी पांच आरोपियों की पहचान की और उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के नाम राज बछार, समीर बछार, रोहित राय, रोहित मिस्त्री और हरीश सरकार है। सभी उत्तराखंड के रहने वाले हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल के ADSTE/FDB सेक्शन के अंतर्गत लोकेशन बॉक्स के लिए फेंसिंग का प्रावधान । |
| कार्य की अनुमानित लागत (र) | Rs. 38,46,210.00/- |
| धरोहर राशि (र) | Rs. 76,900.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 04.05.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 29.05.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1478 दिनाँक : 04.05.2026 1483/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **भगवती प्रसाद, पुत्र:** जगदीश प्रसाद, **पता:** VE-5/A, वीरेंद्र नगर, द्वितीय तल, नई दिल्ली, ने **Ct. Cases/CC NI Act: 17515/16, U/s: 138 NI Act, थाना: राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **भगवती प्रसाद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **भगवती प्रसाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases/CC NI Act: 17515/16, U/s: 138 NI Act, थाना: राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **भगवती प्रसाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(एनआई–एक्ट)–04, कमरा नं. 04 (एनेक्स–I),
पश्चिम जिला, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5874/WD/2026
(Court Matter)


## लीगल मेट्रोलॉजी में लाइसेंस की वैधता रहेगी अब लाइफटाइम : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार ने वजन और माप से जुड़े मैन्युफैक्चरर्स, डीलर्स और रिपेयर्स के लिए बार-बार रिन्यूअल की जरूरत की खत्म

कारोबार का माहौल बेहतर बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2011 में बदलाव कर लाइसेंस की वैधता को लाइफटाइम करने जा रही है। वहीं सरकार बहुत जल्द एक नया ऐप लॉन्च करने जा रही है, जिससे वेरिफिकेशन और अन्य सेवाएं पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और आसान हो जाएंगी। इस बात की जानकारी मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। उन्होंने कहा कि अब लाइसेंस देने से पहले फिजिकल साइट इंस्पेक्शन की जरूरत खत्म कर दी गई है और लाइसेंस सेल्फ-डिक्लेरेशन के आधार पर जारी किए जाएंगे। इससे कारोबार शुरू करने और चलाने की प्रक्रिया तेज और आसान होगी। उन्होंने कहा कि यह सुधार दिल्ली की डिरेगुलेशन एक्सरसाइज 2.0 का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों में नियमों को सरल बनाना और अनुपालन का बोझ कम करना है। सिरसा ने कहा कि दिल्ली अब एक ऐसे शासन मॉडल की ओर बढ़ रही है जो सुधारों पर आधारित और उद्योग की जरूरतों के अनुसार काम करने वाला है। ईमानदार कारोबारियों को बार-बार की जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना चाहिए। वर्तमान में वजन और माप विभाग के अंतर्गत दिल्ली में 600 से अधिक सक्रिय व्यवसाय काम कर रहे हैं, जिनमें 154 मैन्युफैक्चरर्स, 421 डीलर्स और 24 रिपेयर्स शामिल हैं। इस सुधार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा लाइसेंस के रिन्यूअल को खत्म करना है। अब एक बार निर्धारित फीस देकर लिया गया लाइसेंस तब तक वैध रहेगा जब तक उसे कंट्रोलर या अधिकृत अधिकारी द्वारा रद्द या निलंबित नहीं किया जाता।

## कच्छा बनियान गिरोह के छह बदमाश मुठभेड़ में दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ तीन गोली लगने से हुये घायल

दक्षिण जिले की एएटीएस ने कच्छा-बनियान पारदी गैंग का भंडाफोड़ किया है। इनामी अपराधी समेत छह बदमाश संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किये गये। इनमें तीन बदमाश गोली लगने से घायल हुये हैं।

पुलिस के अनुसार एक मई की रात को मालवीय नगर थाना क्षेत्र में आने वाले सर्वोदय एन्क्लेव में चोरी की एक घटना हुई थी। घर के निवासी उस समय सो रहे थे, तभी कुछ बदमाश घर में घुस आए और नकदी तथा कुछ गहने चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि तीन लोग ताला तोड़ने वाले औजारों का इस्तेमाल करके घर में घुसे थे, जबकि आसपास के फुटेज से कुल छह अपराधियों की मौजूदगी का संकेत मिला। तीन आरोपी सुबह सुबह विजय मंडल पार्क के रास्ते परिसर में घुसे, जबकि बाकी तीन लोग बैकअप के तौर पर पार्क में ही रुके रहे। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। हाल ही में सूचना मिली कि अंबेडकर नगर थाना अंतर्गत बीआरटी कॉरिडोर के पास जहांपनाह जंगल में बदमाश छिपे हुये हैं। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और आधी रात को लगभग 12:55 बजे संदिग्ध गैंग के सदस्य नजर आए। पुलिस टीम ने उन्हें सरेंडर करने का इशारा किया, तो तीन आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों तरफ से गोलियां चलीं। आखिरकार टीम ने सफलतापूर्वक सभी छह आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों ने पुलिस टीम पर छह राउंड गोलियां चलाई। एक गोली इंस्पेक्टर उमेश यादव द्वारा पहनी गई बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी। टीम ने बहादुरी से जवाब दिया और आत्मरक्षा में 8 राउंड गोलियां चलाई। तीन आरोपी निर्मल उर्फ निखिल, अंबर उर्फ डेविन और सम्राट उर्फ समर उर्फ काला के पैरों में गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अन्य तीन आरोपियों में काकेश उर्फ काके उर्फ गुर्जर, कृष उर्फ देवा व एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। इनसे हथियार और चाकू भी बरामद हुये।


**अभियुक्त व्यक्तिय की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भुपेन्द्र सिंह पुत्र ताज सिंह, पता: मकान नं. एफ–46ए, श्याम नगर, तिलक नगर, दिल्ली ने एफआईआर सं. 338/2018 धारा 341/509/352/34 आईपीएस के तहत थाना: तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भुपेन्द्र सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भुपेन्द्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 338/2018 धारा 341/509/352/34 आईपीएस के तहत थाना: तिलक नगर, नई दिल्ली के उक्त भुपेन्द्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
विकास मदान
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–07
(पश्चिम) दूसरी मंजिल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5633/WD/2026


# नाले में गिरने से बच्ची की मौत का मामला : सीएम रेखा ने व्यक्त किया शोक, जेई बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भलस्वा डेयरी स्थित मुकुंदपुर इलाके के एक खुले नाले में गिरने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) ने अनुबंध पर रखे जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से बच्चों की, जो सबसे अधिक मासूम होते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले नालों व जान-माल के लिए खतरा पैदा करने वाले स्थलों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सीधे जवाबदेही तय होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना ही इस बच्ची के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उल्लेखनीय है कि यह घटना रविवार शाम को हुई, जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। स्थानीय लोगों ने घटना के लिए नगर निगम अधिकारियों को दोषी ठहराया था। रविवार शाम को बच्ची घर से खेलने के लिए बाहर निकली थी और लापता हो गई। उसके परिवार और पड़ोसियों ने कई घंटों तक उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। पास से बहने वाले एक खुले नाले में उसके गिरने की आशंका से स्थानीय लोगों और पुलिस ने आसपास तलाशी शुरू की। कई प्रयासों के बाद बच्ची नाले में कीचड़ में फंसी हुई मिली। उसे तुरंत पास के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर स्टेराइल कनेक्टिंग डिवाइस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 05.05.2026 19.05.2026 | रु.2,25,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर रेफ्रीजरेटेड (क्रायोप्रिसिपीटेट) वाटर बाथ की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 05.05.2026 19.05.2026 | रु.22,50,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा (37 मदों के लिए)। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.33,47,14,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा (36 मदों के लिए)। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.48,00,41,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद–13/2027/100/44937/I/88/7 दि. 05.05.26

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में लिया निर्णय

# दिल्ली सरकार ने वोकेशनल व समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षकों का बढ़ाया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को वोकेशनल शिक्षकों व समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत शिक्षकों का वेतन बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी कैबिनेट की बैठक होने के बाद मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाए या अन्य कारणों से स्कूल छोड़ गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में करीब 1 हजार 131 वोकेशनल शिक्षक कई विधाओं की ट्रेनिंग देते हैं। इनका वेतन बढ़ाकर 38 हजार 100 रुपये किया जा रहा है। पहले इन्हें 20 हजार से लेकर 23 हजार रुपये ही मिलते थे। वहीं, समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्तमान में संचालित कुल 784 केंद्रों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन में भी वृद्धि की गई है। इन केंद्रों में तैनात सभी शिक्षकों का वेतन 21 हजार रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 35 हजार 420 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। इन केंद्रों में स्कूल से बाहर (आउट ऑफ स्कूल) बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समग्र शिक्षा अभियान के शिक्षकों को प्राइमरी और अपर प्राइमरी शिक्षकों के बराबर वेतन मिलेगा। यह निर्णय केवल वेतन वृद्धि नहीं है, बल्कि उन शिक्षकों के समर्पण और मेहनत का सम्मान है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इन सभी शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। जब शिक्षक संतुष्ट और प्रेरित होंगे, तभी वे बच्चों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा दे पाएंगे।

### पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों के लिए उम्मीद की किरण हैं ये केंद्र

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि राजधानी का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विशेष प्रशिक्षण केंद्र उन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। इन बच्चों को मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार इन केंद्रों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करे

मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमित मॉनिटरिंग, अभिभावकों की काउंसलिंग और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचे। सरकार का उद्देश्य केवल बच्चों को स्कूल में लाना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है। दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करे। यह वेतन वृद्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सफाई कर्मचारी के परिवार को मिला 45 लाख का मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के करोल बाग जोन में तैनात एक सफाई कर्मचारी का ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था जिसके बाद परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहा था। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को निधन का मामला पहुंचने के बाद सदस्य कर्म सिंह कर्मा ने संज्ञान लिया।

उसके बाद तमाम जानकारी लेकर मंगलवार को पीड़ति परिवार को 44 लाख, 93 हजार, 239 रुपये की मुआवजा राशि का चेक सौंपा गया। सदस्य कर्म सिंह कर्मा ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि करोल बाग जोन कार्यालय में दिवंगत संदीप के परिवार को एमसीडी अधिकारियों की उपस्थित में मुआवजा राशि का चेक सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी संदीप की 2 मार्च 2026 को ड्यूटी के दौरान दुखद मृत्यु हो गई थी। वहीं, अखिल भारतीय मजदूर एकता यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान और अन्य सफाई संगठनों ने आयोग के इस कार्य की सराहना की है।

**खबर संक्षेप**

### महापौर ने प्रशांत विहार में किया सफाई अभियान का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को अपने वार्ड 53, प्रशांत विहार में चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने इलाके को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर प्रवेश वाही ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं भगवान का धन्यवाद करता हूँ कि मुझे नई जिम्मेदारियां मिलीं और हाल ही में बंगाल में मिली जीत का अनुभव हुआ। सफाई अभियान के दौरान महापौर ने क्षेत्रीय अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उपायों पर भी चर्चा की। वहीं, निवासियों ने महपौर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल स्थानीय स्वच्छता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### 'ईसीसी चार्ज बढ़ाने के खिलाफ 21 से तीन दिवसीय चक्का जाम'

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (कैम) और दिल्ली सरकार द्वारा पर्यावरण क्षति शुल्क (ईसीसी) में भारी बढ़ोतरी करने व बीएस फॉर मानक वाले व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में 1 नवंबर 2026 से प्रवेश बंद करने के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों ने मोर्चा खोल दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने घोषणा की है कि इन मुद्दों पर आने वाली 21 मई 2026 से तीन दिवसीय चक्का जाम करते हुए सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस विषय को लेकर संगठन अध्यक्ष हरीश सभरवाल के नेतृत्व में मंगलवार को पंजाबी बाग क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में चर्चा के बाद निर्णय हुआ कि सरकार के इस गलत कदम के खिलाफ अब ट्रांसपोर्टरों को चुप नहीं बैठना है।

### जीबी पंत अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजन

**नई दिल्ली।** जीबी पंत पैरामेडिकल एंड टेक्निकल एंप्लाइज यूनियन और जीबी पंत कर्मचारी यूनियन 3103 ने मंगलवार को नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एनपीएचए) के आह्वान पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उक्त यूनियनों के पदाधिकारियों - भारत वीर, पवन वर्मा, विजय कुमार ने कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पताल की सेवाओं को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर देने का प्रयास किया जा रहा है और इससे कर्मियों की कमी को पूरा करने के लिए आउट सोर्स की नीति लागू की जा रही है। अस्पताल कर्मियों ने भोजन अवकाश के समय जीबी पंत सभागार मे सभा करते हुए मई दिवस के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी।




*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मुलाकात की। इस दौरान एलजी ने शाह से दिल्ली के विकास को लेकर चर्चा की। कई मुद्दों पर खासकर सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई।*

### 'हीट वेव से निपटने के लिए एमसीडी का व्यापक एक्शन प्लान तैयार'

नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के संभावित प्रभाव को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वर्ष 2026 के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा तैयार यह एक्शन प्लान दिल्लीवासियों और निगम कर्मियों को लू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बनाया गया है। सत्या शर्मा ने बताया कि यह योजना दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के 'हीट वेव एक्शन प्लान-2026' के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें विभिन्न विभागों की भूमिका स्पष्ट रूप से तय की गई है। इसके तहत एमसीडी के सभी जोनों और विभागों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सत्या शर्मा ने बताया कि पार्कों में आम लोगों के साथ-साथ पक्षियों और जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए छाया, पेयजल और ओआरएस किट उपलब्ध कराने का प्रावधान भी इस योजना में शामिल है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भीषण गर्मी के दौरान सतर्क रहें और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें। सत्या शर्मा ने बताया कि योजना के तहत निगम के कार्यालयों, स्कूलों, डिस्पेंसरी और सामुदायिक केंद्रों में ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पंखे, एयर कूलर और जरूरत के अनुसार अन्य शीतलन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाजारों और अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पीने के पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया है।

## 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत मिली जमीन पर बनी कॉलोनियों को किया जाए नियमितः बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के अनेक इलाकों में 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत भूमिहीनों को मिली जमीन पर बनी कॉलोनियों को नियमित किया जाए। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से मुलाकात के दौरान यह मांग की है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों को बसने के वर्षों बाद वन विभाग को ट्रांसफर कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें नियमित नहीं किया गया।

बिधूड़ी ने मंगलवार को इस संबंध में दिल्ली के उद्योग, पर्यावरण, खाद्य एवं संभरण तथा वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से भेंट की। विधायक करतार सिंह तंवर और नगर निगम की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह तंवर भी उनके साथ थे। उन्होंने दक्षिण दिल्ली के जौनापुर में सिंगापुर की मदद से बनने वाली वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया।

सांसद बिधूड़ी ने बताया कि मंत्री सिरसा से मुलाकात में जौनापुर में बनने वाली वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी का मामला भी उठाया गया। सिंगापुर सरकार की मदद से जौनापुर में वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी बनाने का समझौता 2012 में किया गया था और यहां पर जमीन सौंप दी गई थी। 2017 में भवन बनाने के लिए 254 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन 2019 में दिल्ली सरकार ने इसे वन विभाग की जमीन बताकर काम रोक दिया। सिरसा ने दोनों मामलों में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

## खंडित हो चुके राष्ट्रीय ध्वजों के सम्मान के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में जगह जगह लहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के मान-सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए जनहित प्रयास समिति ने एक विशेष जागरूकता मुहिम की शुरुआत की है। इस मुहिम के तहत समिति के महासचिव हितेश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस बारे में हितेश ने बताया कि हमने सीएम के सामने दिल्ली में लगे खंडित राष्ट्रीय ध्वजों का मुद्दा उठाते हुए उनसे हस्तक्षेप की अपील की है। समिति ने सीएम से इस राष्ट्रीय मुददे पर मांग की है कि संबंधित प्रशासन को सख्त निर्देश दे ताकि भारतीय ध्वज संहिता के अनुरूप खंडित ध्वजों का ससम्मान निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि समिति की इस पहल पर सीएम रेखा गुप्ता ने सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा सर्वोपरि है। सीएम ने संबंधित विभागों को इस दिशा में उचित कदम उठाने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश देने की बात कही है।

### 'बंगाल की माताओं-बहनों ने आतंक को नकार कर चुनी सुशासन की सरकार'

नई दिल्ली। भय, आतंक और अत्याचार के वातावरण के बावजूद बंगाल की महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार स्थापित की। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ सीआर पार्क स्थित मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। मां काली के चरणों में शीश नवाने के बाद मुख्यमंत्री ने इस जीत को भारतीय राजनीति का एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भगवा शान से लहरा रहा है। यह जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता का विश्वास विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति में ही है। मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने संसद में इस बिल का विरोध किया था, बंगाल की माताओं-बहनों ने उन्हें अपने वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब दिया है। बंगाल की महिलाओं ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने सम्मान और अधिकारों के लिए किसी भी दमनकारी शक्ति से टकराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि बंगाल में यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की नीति की जीत है।

## यह जीत सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर जनता की है मुहरः आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल और असम के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिले व्यापक जनसमर्थन पर मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह विजय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर जनता की मुहर है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पार्टी का ऐतिहासिक प्रदर्शन यह दर्शाता है कि वहां की जनता अब परिवर्तन चाहती है और विकास की राजनीति को समर्थन दे रही है। सूद ने यह बातें जनकपुरी में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने बीजेपी की प्रचंड जीत के लिए नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। सूद ने कहा कि असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनने को उन्होंने सुशासन और विकास की नीतियों की जीत बताया।

उन्होंने कहा कि राज्य में स्थिरता, सुरक्षा और विकास के प्रति जनता का भरोसा इस परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सूद ने कहा कि यह जनादेश देशभर में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण की राजनीति को और मजबूत करेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई दी। सूद ने बताया कि दुर्गा पूजा समितियों, छठ पूजा समितियों, मंदिरों, गुरुद्वारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने बड़ी संख्या में अपना समर्थन दिया। मंत्री सूद ने कहा कि पश्चिम बंगी ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने का संकल्प लेते हुए भारी बहुमत से भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने का निर्णय लिया है।

### तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे पहुंचा

# लगातार चौथे दिन राजधानी में हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार चौथे दिन मंगलवार को कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई। लगातार बारिश के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री से अधिक नीचे चल रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक दिल्ली में कुल 4.6 मिमी बारिश दर्ज हुई।

जबकि सबसे अधिक रिज एरिया में 11.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार लोदी रोड 6.1 मिमी, राजघाट 9.6 मिमी, पूसा में 4.0 मिमी, नजफगढ़ में 0.5 मिमी, मुंगेशपुर 9.0 मिमी और मयूर विहार में 2.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने बताया कि बारिश के बाद अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 5.7 डिग्री नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। आईएमडी ने कहा है कि बुधवार को आंशिक रूप से आसमान में बादल छाए रहेंगे। दोपहर के समय गरज व बिजली चमकने के साथ ही कई क्षेत्रों में हलकी बारिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि सोमवार आधी रात की बारिश से तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। जबकि न्यूनतम तापमान लगातार 20 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। कंपनी का कहना है कि ट्रफ और चक्रवाती सिस्टम से हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। जबकि वीकेंड 9-10 मई में गर्मी और उमस बढ़ने की संभावना है। कंपनी का कहना है कि दिल्ली के ऊपर हवाओं का पैटर्न फिलहाल काफी अनियमित बना हुआ है। हवाएं ज्यादातर हल्की और दिशा बदलने वाली हैं। आसपास के इलाकों में दो छोटे स्तर के चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं—एक हरियाणा पर और दूसरा दक्षिण-पूर्व राजस्थान पर। इन दोनों सिस्टम को जोड़ने वाली एक कमजोर ट्रफ रेखा दिल्ली के पास से गुजर रही है। यह मौसम पैटर्न कल भी बना रहेगा। दिन के समय कोई बड़ी मौसम गतिविधि की उम्मीद नहीं है, लेकिन रात में हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर 7 मई की रात में भी देखने को मिल सकता है। वहीं 8 से 10 मई के बीच आसमान साफ रहेगा और मौसम सामान्य शुष्क हो जाएगा। हालांकि 9 और 10 मई का वीकेंड गर्म और उमस भरा रहने की संभावना है। इस दौरान दिन का तापमान करीब 39 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे गर्मी फिर से महसूस होगी।

### दिल्ली सरकार की बोरवेल नीति के दायरे से गरीबों को बाहर रखना अन्यायपूर्ण : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार की प्रस्तावित बोरवेल नीति के दायरे से गरीबों को बाहर रखना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि पानी के संकट से निपटने के लिए भाजपा सरकार की नई बोरवेल नीति गरीब विरोधी नीति साबित होगी क्योंकि इस नीति के तहत केवल उसी घर या आवासीय कॉलोनियां जल संचयन प्रणाली पर उचित रुप से काम करेंगी केवल वहीं बोरवेल लगाने की पात्र होंगी। ऐसे में अपनी आजीविका का संघर्ष कर रहे गरीब लोगों द्वारा जल संचयन प्रणाली न होने के कारण उन्हें बोरवेल की करने की अनुमति से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब रेखा गुप्ता सरकार बोरवेल नीति दिल्ली के लिए लाई है, तो इसका लाभ सभी को समान रूप से मिलना चाहिए। न कि जल संचयन करने वाले चुनिंदा समूह तक ही इस नीति को सीमित रखना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे क्षेत्र जहां गरीब आबादी रहती हैं, जैसे स्लम क्लस्टर, अनधिकृत कॉलोनियां, पुनर्वास कॉलोनियां आदि। इनके पास जल संचयन की सुविधा नहीं है, लेकिन उनकी पानी की आवश्यकता अन्य लोगों की जरुरत की तरह जरुरी है। जब दिल्ली जल बोर्ड इन सभी कॉलोनियों को पाइप से पानी उपलब्ध नहीं करा रही है, तब उन पर नई बोरवेल नीति लागू करना जान बूझकर इनके जल संकट को बढ़ाना है। वह भी ऐसे समय में जब दिल्ली इस समयभीषण गर्मी का सामना रही है। शहर के अधिकांश हिस्सों में पानी की कमी एक दैनिक परेशानी बन गई है, जिसमें सबसे अधिक प्रभावित गरीब और आम लोग हो रहे हैं।

खट्टर जनकल्याणकारी नीतियों का अनुसरण अन्य प्रदेश ने भी किया

# विधायक शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर हवन-यज्ञ किया, कहा- हरियाणा के चहुंमुखी विकास के लिए काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बल्लभगढ़ से विधायक एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने कार्यालय पर यज्ञ-हवन का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने भगवान से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना की। साथ ही सभी को पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड तोड़ जीत की बधाई दी।

**उत्तम स्वास्थ्य व निरंतर जनसेवा की कामना की**



### हर वर्ग तक पहुंच रहा सरकार की नीतियों का लाभ

विधायक शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के चहुंमुखी विकास का इतिहास भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में रचा गया है, जिसे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विकास कार्यों की गति निरंतर बढ़ रही है और सरकार की नीतियों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने गौ सेवा को बढ़ावा देते हुए गांव छायंसा स्थित गौशाला द पिंजरापोल सोसायटी को सरकार की ओर से प्राप्त 33 लाख 89 हजार 280 रुपए की धनराशि का चेक संस्था के प्रतिनिधि स्वराज भाटी एवं गौशाला के पदाधिकारियों को सौंपा। इसके अलावा गांव मोहना की गौ सेवा समिति को भी गौ सेवा आयोग हरियाणा सरकार की ओर से गौ माताओं की सेवा और देखभाल के लिए 5 लाख 83 हजार 740 रुपए की राशि का चेक समिति के पदाधिकारियों को प्रदान किया गया।

### युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी

विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में पारदर्शी शासन व्यवस्था को मजबूत किया और युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची योग्यता के आधार पर नौकरियां देने की परंपरा शुरू की। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई नीतियों ने हरियाणा को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी जनकल्याणकारी नीतियों का अनुसरण देश के अन्य प्रदेश भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चलती सिटी बस आग का गोला बनी



**बल्लभगढ़।** तिगांव थाना क्षेत्र के मंझावली रोड पर गांव घरौड़ा के पास मंगलवार दोपहर चलती सिटी बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग की इस घटना में बस पूरी तरह जलकर खत्म हो गई। चालक के अनुसार बस सामान्य रूप से चल रही थी, लेकिन अचानक तकनीकी खराबी के संकेत मिलने लगे।

### गांजा बेचने के मामले में महिला सहित 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 4 मई को फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम द्वारा गांजा बेचने के अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जा से 1.261 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

### सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वाले 12 काबू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 मई को फरीदाबाद पुलिस के अलग-अलग थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने के मामलों में 12 व्यक्तियों को काबू किया है।

### फोन हैक कर 95 हजार की ठगी करने वाला काबू




**फरीदाबाद।** फोन हैक कर 95000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि 19 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक संदिग्ध लिंक आया। क्लिक किया,तो फोन हैक हो गया। इसके बाद उसके बैंक खाते से 95000 रुपए निकाल लिए गए।

### 14.97 ग्राम स्मैक बरामद, 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 14.97 ग्राम स्मैक बरामद की है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 मई को अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्मैक बेचने के मामले में विजय कुमार निवासी बाढ़ मोहल्ला, ओल्ड फरीदाबाद को 11.78 ग्राम स्मैक सहित ओल्ड सब्जी मंडी बाईपास रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

न्याय की मांग की और कई संगठनों ने उनका समर्थन किया

# सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम के गेट पर ताला जड़ा,5वें दिन भी हड़ताल जारी

फरीदाबाद में नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। मुख्यालय के बाहर धरना दिया और गेट बंद कर दिया। इससे शहर में कूड़े का ढेर लगा रहा और सीवर का काम भी रुका रहा। कर्मचारियों ने न्याय की मांग की और कई संगठनों ने उनका समर्थन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को हड़ताल पर रहे। निगम मुख्यालय के सामने कर्मचारियों ने धरना दिया। इस दौरान नगर निगम के एक गेट पर ताला जड़ दिया। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल का असर पूरे शहर में साफ दिखाई दिया। मुख्य बाजारों में कूड़े के ढेर लगे रहे और कॉलोनियों की गलियों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। इससे लोगों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में सीवर का काम भी पूरी तरह बंद रहा, जिससे हालात और खराब हो गए। लोगों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। नगर निगम के दूसरे गेट से आवाजाही जारी रही, लेकिन मुख्य गेट बंद होने से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



### कर्मचारियों का प्रदर्शन

कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। महापौर कार्यालय के बाहर झाड़ू लेकर विरोध जताया और सफाई कर्मचारियों को न्याय दो तथा भेदभाव खत्म करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान हरियाणा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए, जो पिछले 27 दिनों से हड़ताल पर हैं। उन्होंने अपने साथियों के लिए न्याय और लंबित मांगों के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों में आक्रोश साफ नजर आया और उन्होंने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, वेतन बढ़ाने सहित अनेक मांग लंबित हैं।

### महापौर के निजी सचिव का आश्वासन

जब कर्मचारी महापौर कार्यालय पहुंचे तो वहां महापौर मौजूद नहीं थीं। उनके निजी सचिव ने कर्मचारियों से ज्ञापन लिया और भरोसा दिलाया कि इसे तुरंत महापौर तक पहुंचाया जाएगा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की अपील की। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान दलीप बोहत ने की, जबकि संचालन रघुवीर सिंह चौटाला ने किया। नेताओं ने कहा कि कई बार बातचीत की कोशिश के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला, जिससे कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

### संगठनों की एकजुटता

कई संगठनों ने जताई एकजुटता। नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल को कई संगठनों का समर्थन मिला। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन इंप्लाईज फेडरेशन, किसान सभा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग सहित कई यूनियनों के प्रतिनिधि धरने में शामिल हुए। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि कर्मचारी जनता के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, इसलिए वे जल्द समाधान चाहते हैं। उन्होंने हड़ताल को 7 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया। वहीं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल 10 मई तक जारी रखने की घोषणा की।

अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़

# नियमित वेतन न मिलने पर स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे 114 मरीजों में 33 को जहां भर्ती किया गया वहीं पर चार गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में उल्टी-दस्त से परेशान अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। जिला एमएमजी अस्पताल के पंजीकरण काउंटर और दवा काउंटर पर मरीजों की सबसे लंबी कतार लगी रही। जिला एमएमजी, संयुक्त अस्पताल और डूंडाहेडा अस्पताल की ओपीडी में कुल 3870 मरीज पहुंचे। इनमें बीमार बच्चों की संख्या 501 रही। बुखार के 343 मरीजों में भी 55 बच्चे शामिल रहे। फिजिशियन डा. आलोक रंजन की सलाह है कि धूप से बचकर रहें। खूब पानी पीएं।

### स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत सौ से अधिक चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। कई बार इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर वेतन भुगतान की गुहार लगाने के बाद निराश स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार को संजयनगर स्थित सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित एक ज्ञापन कार्यवाहक सीएमओ डा. अमित विक्रम को सौंपकर मांग की है कि जल्दी उनका वेतन जारी किया जाना चाहिये। संविदा कर्मियों का कहना है कि उनके पास घर का राशन खरीदने तक के लिये पैसे नहीं है। इन दिनों टीबी मरीज खोजो अभियान भी चल रहा है।

साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई

## निवेश का लालच देकर ठगी करने के मामले में खाताधारक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आईपीओ में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में 4 मई को खाताधारक मुरारी भाई पटेल निवासी सरदार पटेल नगर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-55 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि 29 अगस्त 2025 को उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में उसे अलॉटमेंट के नाम पर 850 प्रतिशत गारंटी लाभ का लालच दिया गया। उसने उनके कहने पर निवेश करना शुरू कियाए जिसके बाद कुछ समय में उसके पोर्टफोलियो में करीब 97 लाख रुपए दिखने लगे। जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया, तो उससे सर्विस फीस के नाम पर और पैसे मांगे गए। इस पर उसने 14,44,343 लाख रुपये और जमा कर दिएए लेकिन उसे कोई राशि वापस नहीं मिली। इस प्रकार ठगों ने धोखाधड़ी कर उससे कुल 39,95,343 रुपए ठग लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मुरारी भाई पटेल जिला दमोह मध्य प्रदेश में एक साइबर कैफे संचालित करता है और इस मामले में खाताधारक की भूमिका में था।

**आरोपी मप्र के दमोह में एक साइबर कैफे संचालित करता है**

उसने अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध कराया था, जिसमें ठगी की 1444000 रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कार्यकर्ताओं को दिया जीत का श्रेय

## केरल में कांग्रेस की जीत पर फरीदाबाद में मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर फरीदाबाद में जिला कांग्रेस कार्यालय में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने सेक्टर-9 स्थित अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान उन्होंने लड्डू बांटकर खुशी सांझा की और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि यह जीत कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनहित और विकास की राजनीति करती आई है, जिसका सकारात्मक असर आज केरल में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच ने पार्टी को नई दिशा दी है। उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस लगातार सशक्त हो रही है और देशभर में जनता का भरोसा जीतने में सफल हो रही है।

कौशिक ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से वोट चोरी करके सरकार बनाई है। लोगों को भी पता चल गया है कि हिन्दुस्तान में चार प्रदेशों में अब कांग्रेस पार्टी की सरकार और आने वाले समय में उत्तराखण्ड़, पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

श्रीराम मंदिर सेक्टर-5 और रोटरी ब्लड सेंटर कादीपुर में लगे रक्तदान

## मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने 48वीं बार किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरुग्राम

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रमुख व रोटरी क्लब ऑफ गुरुग्राम साउथ सिटी के सेक्रेटरी डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने गुरुग्राम में दो स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए। श्रीराम मंदिर सेक्टर-5 और रोटरी ब्लड सेंटर कादीपुर में लगे शिविरों में लगभग 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जीवन बचाने में सहयोग दिया। डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने स्वयं 48वीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। रोटरी ब्लड बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि डॉ. गुप्ता अब तक 48 बार रक्तदान और दो बार कोविड प्लाज्मा भी दान कर चुके हैं।

### केक काटकर मनाया जन्मदिन

केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन को खास बनाने के लिए रोटरी क्लब के सदस्यों और रक्तदाताओं ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। क्लब अध्यक्ष संजय मल्होत्रा ने कहा कि एक रक्तदाता तीन लोगों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाता है। रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा एक हरियाणवी एक के प्रेरणा स्रोत मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर रक्तदान से बड़ा कोई तोहफा नहीं हो सकता। शिविरों में एकत्र रक्त कई अमूल्य जीवनों को बचाने में मददगार साबित होगा।इस अवसर पर रोटरी ब्लड बैंक के प्रेसिडेंट मुकेश शर्मा, रोटरी क्लब अध्यक्ष संजय मल्होत्रा, रोटरी क्लब 26-27 के अध्यक्ष ऋषि मुनि भारद्वाज, क्लब की पूर्व अध्यक्षा वंदना गजेंद्र गुप्ता, इशिका गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आवेदनों की संख्या छह हजार से अधिक

## कंपनियां घरेलू गैस कनेक्शन के आवेदन स्वीकार नहीं कर रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरुग्राम



गैस कंपनियां नए गैस कनेक्शन के आवेदन को स्वीकार नहीं कर रही है। एजेंसियों पर कनेक्शन के लिए आवेदनों की संख्या छह हजार से अधिक हो गई है। आवेदकों को 14.2 किलो घरेलू सिलेंडरों के कनेक्शन का इंतजार बढ़ा है। उन्हें गैस कनेक्शन के लिए एजेंसियों पर लोग चक्कर लगाने लगे हैं। गैस कनेक्शन न मिलने से लोग परेशान हो रहे हैं।

**नई गैस कनेक्शन के लिए पोर्टल बंद**

गैए एजेंसियों के अनुसार कंपनियों ने नई गैस कनेक्शन के लिए अपने पोर्टल बंद कर दिए हैं। अब आगामी एक महीने तक किसी को भी एलपीजी के नए गैस कनेक्शन नहीं दिए जा सकेंगे। दरअसल पहले से ही एलपीजी के जितने कनेक्शन मौजूद हैं।

### महीने बाद भी ई-केवाईसी नहीं हुई

एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए पोर्टल को एक महीने के लिए बंद कर दिया गया था। एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद न तो कनेक्शन शुरू हुए। और न ई-केवाईसी शुरू हुई। कंपनियों की ओर से नए कनेक्शन आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। एजेंसियों की ओर से आवेदको से कहा जा रहा है कि कंपनियां कनेक्शन देने की प्रक्रिया कब शुरू होगी यह स्पष्ट नहीं है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र** शाहीद, **निवास:** B-6/124, G.No. 5, कबीर नगर, वेलकम, दिल्ली ने **FIR No. 281/2021 U/s 326 IPC., थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 281/2021 U/s 326 IPC., थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5886/NE/2026
(Court Notice)

### संदिग्ध व्यक्ति



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो संदिग्ध व्यक्ति जिनका नाम 1) अज्ञात, पुत्र अज्ञात, पताः अज्ञात, उम्रः 40—45 वर्ष, कदः लगभग 5'7'', रंगः सावंला, शरीरः मजबूत, चेहराः गोल, पहनावाः सफेद व गहरे रंग की चेक शर्ट, गहरे रंग की पैंट और पैरों में सफेद रंग चप्पल, 2) अज्ञात, पुत्र अज्ञात, पताः अज्ञात, उम्रः 35—40 वर्ष, कदः लगभग 5'7'', रंगः गेहुँआ शरीरः सामाल्य, चेहराः अंडाकार, पहनावाः नीले रंग की शर्ट और जींस। ये दोनो बैंक के अंदर आए और शिकायतकर्ता का ध्यान भटकाकर, बैंक ऑफ बड़ौदा, जहांगीरपुरी की कैश डिपॉजिट मशीन से 75,000/— रूपये निकाल कर ले गए। जांच के दौरान बैंक की सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त की गई और संदिग्ध की तस्वीरें तैयार की गई। इस संबंध में e-FIR No. 80022927/26, U/s 305 भारतीय न्याय संहिता—2023, दिनांक 16.03.2026 पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है।

अगर किसी को इन दो संदिग्ध व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली को निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी – पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली
फोनः 9319157402, 8750870227

DP/5773/NW/2026

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर नहीं लिख सकते गले में टांग सकते हैं



**गोरखपुर।** सीएम योगी ने एक बार फिर सांसद रवि किशन की चुटकी ली है। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम ने रवि किशन को मिली पीएचडी की मानद डिग्री को लेकर चुटकी ली। यहां बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में आयोजित शिक्षा मित्र सम्मान समारोह के दौरान मंच पर सीएम योगी ने जब रवि किशन को लेकर मुस्कुराते हुए पीएचडी मानद उपाधि की बात की तो सभागार ठहाकों से गूंज उठा।

### सम्राट चौधरी के पास ही रहेगा पुराना बंगला



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का मौजूदा बंगला उनके पास ही रहेगा। भवन निर्माण विभाग ने सीएम आवास का विस्तार कर दिया है। पटना के 5, देशरत्न मार्ग स्थित आवास को मुख्यमंत्री आवास के विस्तारित भवन के रूप में नामित कर दिया गया है। इस संबंध में विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया। पिछली नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम रहते यह बंगला सम्राट को आवंटित हुआ था।

### कांके में बनेगा पहला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर



**रांची।** राज्य सरकार ने देसी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना का निर्णय किया है। इस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना कांके में होगी। इसके लिए रिनपास परिसर में जमीन चिह्नित की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए न केवल प्रस्ताव तैयार किया है, बल्कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में राशि का भी प्रविधान किया है।

---

**सीएम योगी ने आंधी, अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया**

# सीएम योगी का सख्त निर्देश 24 घंटे में मिले मुआवजा सभी जिलाधिकारियों को फील्ड में उतरने को कहा गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी, अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर प्रभावितों को राहत राशि और घायलों को समुचित इलाज सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आंधी, अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के त्वरित व समुचित इलाज, तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने को कहा गया है।



**सीएम ने दिए तत्काल इलाज के निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी ने इस आपदा पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों का समुचित और तत्काल इलाज सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनहानि, पशुहानि और घायलों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।। सीएम ने स्पष्ट कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अलर्ट जारी, प्रशासन सतर्क

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को फील्ड में रहकर राहत कार्यों की निगरानी करने और आवश्यक संसाधनों के लिए शासन से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें लगातार सक्रिय हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

---

**योगी सरकार ने दी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत**

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड की तरह करेंगे काम, बिल जमा करने मिलेंगे 15 दिन

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर पोस्टपेड की तरह काम करेंगे। हर महीने बिल मिलेगा और भुगतान के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। साथ ही 30 अप्रैल तक के बकाया को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। इससे लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में बिजली उपभोक्ताओं के लिए योगी सरकार ने बड़ा और राहत भरा फैसला लिया है। अब तक प्रीपेड स्मार्ट मीटर से जुड़ी जो परेशानियां सामने आ रही थीं, उन्हें देखते हुए सरकार ने व्यवस्था में बदलाव किया है। अब सभी प्रीपेड स्मार्ट मीटर पोस्टपेड की तरह काम करेंगे। यानी अब उपभोक्ताओं को हर महीने बिल मिलेगा और उसे जमा करने के लिए 15 दिन का समय भी दिया जाएगा।

सरकार का यह फैसला सीधे तौर पर आम लोगों को राहत देने वाला है। पिछले कुछ समय से कई उपभोक्ता शिकायत कर रहे थे कि प्रीपेड मीटर में बैलेंस खत्म होते ही बिजली कट जाती है, जिससे अचानक परेशानी खड़ी हो जाती है। अब इस नई व्यवस्था से ऐसी दिक्कतों से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि यह फैसला उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब बिलिंग सिस्टम पहले जैसा आसान होगा और लोगों को समय पर बिल की जानकारी भी मिलती रहेगी।

**खास बातें**

- बिलिंग सिस्टम पहले जैसा आसान होगा
- 1912 पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर बिल प्राप्त किया जा सकेगा



### सिक्योरिटी जमा करने में भी सहूलियत

जिन उपभोक्ताओं के यहां पहले पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर लगाए गए थे और उनकी सिक्योरिटी राशि वापस कर दी गई थी। अब नई व्यवस्था में वह राशि फिर से ली जाएगी। लेकिन यहां भी राहत दी गई है. यह पैसा एक साथ नहीं लिया जाएगा, बल्कि चार किस्तों में जमा कराया जाएगा। इससे लोगों पर अचानक आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। स्मार्ट मीटर और बिलिंग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए मई और जून में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। ये कैंप खंड और उपखंड स्तर पर होंगे, जहां उपभोक्ता सीधे जाकर अपनी समस्या बता सकेंगे। इसके अलावा ऑनलाइन शिकायत की सुविधा भी जारी रहेगी, जिससे लोग घर बैठे अपनी समस्या दर्ज कर सकेंगे।

### व्हाट्सएप के जरिए मिलेगा बिल

नई व्यवस्था के तहत हर महीने की पहली तारीख से आखिरी तारीख तक बिजली की खपत का हिसाब तैयार किया जाएगा। इसके बाद हर उपभोक्ता को 10 तारीख तक उसका बिल भेज दिया जाएगा। यह बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए सीधे मोबाइल पर मिलेगा। इससे लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय पर जानकारी मिल जाएगी। सबसे राहत वाली बात यह है कि बिल मिलने के बाद 15 दिन का समय भुगतान के लिए दिया जाएगा। यानी अब जल्दबाजी में रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं होगी।

### बिल न मिले तो 1912 पर शिकायत

अगर किसी कारण से किसी उपभोक्ता को समय पर बिल नहीं मिलता है, तो उसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। वह व्हाट्सएप चैटबॉट के जरिए अपना कनेक्शन नंबर भेजकर बिल निकाल सकता है। इसके अलावा 1912 पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर भी बिल प्राप्त किया जा सकता है। जिन लोगों ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, वे उसे अपडेट कराकर दोबारा बिल अलर्ट की सुविधा ले सकते हैं।

---

**पार्टी से कौन-कौन बनेंगे मंत्री?**

# सम्राट कैबिनेट विस्तार से पहले जदयू ऑफिस पहुंचे नीतीश




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सम्राट चौधरी कैबिनेट का विस्तार होने से पहले पटना में सियासी हलचल तेज है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पार्टी के नेताओं के साथ बातचीत की। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक चौधरी उनके साथ मौजूद रहे। पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के जदयू दफ्तर पहुंचने पर वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने नीतीश कुमार के समर्थन में नारेबाजी की। नीतीश कुछ देर कार्यालय में रहे। उन्होंने जदयू कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली।

### जदयू के भाजपा के बराबर बनाए जाने की संभावना

इस सप्ताह होने जा रहे सम्राट कैबिनेट के विस्तार में जदयू के भाजपा के बराबर 16 मंत्री बनाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, नीतीश अपनी पार्टी के एक-दो पद खाली रख सकते हैं। पूर्ववर्ती नीतीश सरकार में जो नेता जदयू कोटे से मंत्री थे, उन्हें रिपीट किया जाएगा। पुराने चेहरों में से किसी के ड्रॉप होने की संभावना नहीं है। पिछली कैबिनेट में जदयू कोटे से कुछ पद खाली रखे गए थे, ऐसे में एक-दो नए चेहरों को पार्टी मंत्रिमंडल का हिस्सा बना सकती है।

### नए चेहरे में कौन

जातीय समीकरण साधने की दिशा में जदयू से एक-दो चेहरों को कैबिनेट में जोड़ा जा सकता है। एक कोइरी नेता के मंत्री बनने की चर्चा है।

---

## पेज एक का शेष

### यूक्रेन युद्ध के ...

लिए जानकारी साझा करने के लिए निवेदन (आरएफआई) जारी की गई है। अब सैन्य क्षेत्र की तमाम कंपनियां अपने उत्पादों के साथ इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। जिसके बाद अगला चरण रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) का होगा। जिसमें तकनीकी और वित्तीय मामले शामिल रहेंगे और उसके बाद अंत में वायुसेना यह तय करेगी कि कौन सा हेलीकॉप्टर उसके लिए उपयुक्त रहेगा?

**हेलीकॉप्टर खरीदने का विकल्प रहेगा:** एक बार हेलीकॉप्टरों को लीज पर लेने के बाद वायुसेना के पास भविष्य में इनकी खरीद करने का विकल्प भी मौजूद रहेगा। लीज की अनुमानित अवधि दो वर्ष की हो सकती है। पूर्व में सेना और नौसेना द्वारा भी अपने सैन्य हथियारों, उपकरणों और अन्य प्लेटफार्म की लीज के तहत दुनिया के देशों से खरीद की गई है।

### शर्तों में शामिल ....

ले जाने में सक्षम हो। हेलीकॉप्टर में एक बार में करीब 45 सैनिक आसानी से बैठकर एक स्थान से दूसरे पर जा सकें। इसके अलावा इसके आकार में जरूरत के मुताबिक इस प्रकार बदलाव किया जा सके कि सामान्य सैनिकों की जगह पर घायल सैनिकों की भी आवाजाही की जा सके। वायुसेना ने आरएफआई में ये भी साफ कर दिया है कि यह हेलीकॉप्टर हिमालयी क्षेत्र और पूर्वोत्तर भारत के ऊंचे, दुर्गम पर्वतीय इलाकों में कम से कम 5 हजार 500 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई पर किसी भी मौसम में उड़ान भरने में सक्षम होना चाहिए।

### यह है वायुसेना ...

सबसे बड़ा लाभ वायुसेना को यह होगा कि इससे हेलीकॉप्टर से जुड़ा पायलटों का प्रशिक्षण, रणनीतिक अभियानों के संचालन के साथ ही मशीन पर नियंत्रण की पूरी जिम्मेदारी बल के पास ही रहेगी।

### यूक्रेन से आते ...

कलपुर्जों की समस्या के चलते चंडीगढ़ एयरबेस में बंद अवस्था में खड़े (मॉथ बॉल्ड) हैं। इनके कलपुर्जे पूर्व में भारत को यूक्रेन से मिलते थे। क्योंकि अविभाजित यूएसएसआर में इन हेलीकॉप्टरों का कारखाना यूक्रेन में ही था। वहीं, वायुसेना के पास वर्तमान में अत्यधिक वजन की श्रेणी में अमेरिकी चिनूक हेलीकॉप्टर भी मौजूद हैं। लेकिन उनका कुल वजन लगभग 16 टन है। 20 टन की श्रेणी में हेलीकॉप्टर बनाने में रूस की कंपनियां ही शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### एक्स पोस्ट में...

साफ किया है।

**दलदल में फिर घसीटे जाएंगे: ईरान**

यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उसने अपने हवाई सुरक्षा घेरे की मदद से तेहरान द्वारा छोड़ी गई डेढ़ दर्जन मिसाइलों, ड्रोन को रोका। फुजैराह के पूर्वी अमीरात के अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए कहा, एक ड्रोन के हमले की वजह से उसकी फुजैराह वाली सबसे बड़ी तेल सुविधा में आग लगी। जिसकी चपेट में 3 भारतीय नागरिक भी आ गए और वो घायल हो गए हैं। ब्रिटेन की सेना ने इस हमले के दौरान यूएई के तट के करीब खड़े दो वाणिज्यिक जहाजों में आग लगने की खबर दी है। उधर, ईरान ने अभी तक इस हमले की न तो पुष्टि की है और न ही खंडन किया है। लेकिन 5 मई को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में साफ किया कि अमेरिका और यूएई दोनों को एक दलदल में फिर से घसीटे जाने को लेकर सावधान रहना चाहिए।

### ईरान की दबाव ...

30% एलएनजी की सप्लाई की जाती है। हमले के बाद कतर ने कहा था कि अब दोबारा से उसे अपनी इस गैस सुविधा को खड़ा करने में पांच साल का वक्त लगेगा।

भारत ने इस हमले की भी सख्त लहजे में आलोचना की थी।

### युद्ध के बीच ...

जहाज मौजूद हैं। जिनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से इन जहाजों पर 200 भारतीय नागरिक सवार बताए जा रहे हैं। यहां नई दिल्ली में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ताओं में केंद्र सरकार के पेट्रोलियम, जहाजरानी और अन्य संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम-एशिया संकट की वजह से देश की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हुई है। लेकिन अभी फिलहाल कच्चे तेल, पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। इनका दो महीने का स्टॉक मौजूद है।

### तुरंत खत्म हो...

कूटनीति के पक्ष में भी भारत मजबूती से खड़ा है। जिसकी मदद से पश्चिम-एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल की जा सकती है।

### चुनाव चोरी के ....

और पश्चिम बंगाल में चुनाव "चोरी" किए गए हैं और इसमें चुनाव आयोग की भूमिका भी संदिग्ध रही है। उधर, पश्चिम बंगाल में अभूतपूर्व हार के बाद आउटगोइंग सीएम ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार करते हुए कहा कि वो हारी नहीं हैं, चुनाव चुराया गया है। उन्होंने हार का ठीकरा मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी फोड़ा। अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हार के बाद भी इस्तीफा नहीं देती है तो एक और गंभीर संवधानिक स्थिति पैदा हो सकती है। विदित है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के तहत वोट काटे जाने के सवाल के साथ ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था लेकिन मामला विवादित बना रहा। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को राज्यपाल के यहां से जल्द इस्तीफा सौंपने का इशारा मिला है ताकि भाजपा सरकार को शपथ की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इधर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर अपने बयान में कहा कि "असम और बंगाल ऐसे स्पष्ट उदाहरण हैं जहां बीजेपी ने चुनाव आयोग के समर्थन से चुनाव चुराए हैं।" उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दावों का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य में 100 से अधिक सीटें "छीन ली गईं।"

**सियासी प्रतिक्रिया तेज होने के आसार:** राहुल गांधी के इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और गरमाने के आसार हैं। भाजपा पहले भी ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज करती रही है और चुनाव आयोग को एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संवैधानिक संस्था बताती है।

**"चुनाव चोरी, संस्था चोरी" का नारा:** राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा, "चुनाव चोरी, संस्था चोरी – अब और चारा ही क्या है!" इस बयान को कांग्रेस की ओर से लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर सवाल उठाने के रूप में देखा जा रहा है।

### ममता के इस्तीफा...

आप चुनाव आयोग की बात नहीं मानतीं, कोर्ट की बात नहीं मानतीं। तो फिर, आप किसकी बात मानती हैं? भगवान से डरिए. आप कितना झूठ बोलेंगी? वह हमेशा हर बात पर अड़ियल रवैया अपनाती हैं, लेकिन बाद में मान जाती हैं। वह कुछ दिन इंतजार करेंगी यह देखने के लिए कि क्या कोई उनका साथ दे रहा है, अगर उन्हें लगेगा कि वह अकेली हैं, तो वह मान जाएंगी। यहां तक कि उनका भतीजा भी उनका साथ नहीं देगा। बंगाल बीजेपी प्रवक्ता देबजीत सरकार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ममता बनर्जी का बंगाल की मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा न देने की इच्छा रखना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि वो जैसी बातें कर रही हैं वो खुद को ही हास्यास्पद बना रही हैं। सरकार ने कहा कि ममता बनर्जी कुछ और दिनों तक प्रचार में रहना चाहती हैं, इसलिए ऐसी बातें कर रही हैं। लेकिन इस तरह की हास्यास्पद बातों का जवाब बीजेपी जैसी संविधान में भरोसा रखने वाली पार्टी नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि कोई भी संविधान में विश्वास करने वाला ऐसी बातें नहीं कर सकता है। देबजीत सरकार ने ममता बनर्जी के बयान को बेतुका और असंवैधानिक कहकर खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की कथित साजिश में शामिल होने के ममता बनर्जी के दावों पर देबजीत ने कहा कि यह सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ सुर्खियां बटोरना चाहती हैं और भारतीय संविधान की अवहेलना करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में हिंसक घटनाएं असल में तृणमूल के कार्यकर्ताओं द्वारा ही रची जाती हैं, जो बीजेपी कार्यकर्ता बनकर ऐसा करते हैं, ताकि बीजेपी को बदनाम किया जा सके और लोगों की सहानुभूति हासिल की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि अगर ऐसी कोई घटना होती है, तो प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है और कानून बिना किसी भेदभाव के अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का विरोधी पार्टियों के दफ्तरों पर कब्जा करने में कोई हाथ नहीं है।

### इंडिगो फ्लाइट में ...

अस्पताल पहुंचाया गया। एक यात्री सौरभ ने बताया कि वह अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ गोवा से हैदराबाद होते हुए चंडीगढ़ लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी स्लाइडर से नीचे उतरते समय उनकी पत्नी का पैर मुड़ गया।

### भारत को चाहिए....

नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन भी है। 2047 तक वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा खासकर वैश्विक दक्षिण के देश भारतीय विकास मॉडल की ओर देखेंगे। इसी के चलते देश के अनुसंधान और शिक्षा संस्थानों पर अधिक जिम्मेदारी आ जाएगी। आयोजन में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और मंत्रालय, आईआईटी मद्रास के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**अग्रणी अनुसंधान में आगे बढ़ता भारत:** प्रधान के मुताबिक, आईआईटी मद्रास अनुसंधान संचालित, समाज से जुड़े नवाचार इकोसिस्टम का नेतृत्व करना जारी रखे हुए है। यह संस्थान शिक्षा जगत, उद्योग और सार्वजनिक उद्देश्य के बीच सहयोग को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा डीप टेक, अग्रणी अनुसंधान में देश की क्षमताओं को भी आगे बढ़ा रहा है। सम्मेलन के तहत ही एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें संस्थान द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस (आईओई) ढांचे के हिसाब से 15 उत्कृष्टता केंद्रों के शोध को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल लगाए गए थे। प्रदर्शन में स्वास्थ्य सेवा, सततता सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और उन्नत सामग्री जैसे क्षेत्रों में अहम सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। शिक्षा मंत्री ने भी इस प्रदर्शनी का जायजा लिया।

### 50:50 की....

है। जो कि सरकार की मजबूत सार्वजनिक प्रतिबद्धता का प्रमाण प्रस्तुत करता है। लेकिन इसे और अधिक गति देने व इसका प्रभाव बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक दिशा में सार्वजनिक क्षेत्र और उद्योगों के बीच 50 अनुपात 50 की संतुलित साझेदारी की ओर हमें आगे बढ़ना चाहिए। अब प्रगति को उद्धरणों, पेटेंटों तथा आईपीओ के जरिए मापने से आगे बढ़ने का समय आ गया है। जिसमें एक परिपक्व नवाचार प्रणाली का वास्तविक मानदंड अनुसंधान को उपयोग योग्य उत्पादों, विस्तार योग्य प्रौद्योगिकियों तथा सार्थक सामाजिक समाधानों में परिवर्तित करने की उसकी क्षमता में निहित है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्र द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाकर व्यापक स्तर पर डीप टेक नवाचार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। आईआईटी मद्रास का यह आयोजन इस व्यापक सामूहिक प्रयास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

---

**अदालत ने 1.30 लाख रुपए का लगाया जुर्माना**

# रिश्ते की बहन को जिंदा जलाने वाले आरोपी को अदालत ने सुनाई मौत की सजा

डॉ. कमल कान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

जिला जज विकास कुमार ने रिश्ते की बहन की अस्मत लूटने में नाकाम रहने, उसे जिंदा जलाने वाले दोषी उमेश को फांसी की सजा सुनाते हुए आरोपी पर 1.30 लाख रुपये का जुर्माना भी किया है। अदालत ने फैसले में कहा कि ऐसे जघन्य कृत्य करने वालों के लिए समाज में कोई जगह नहीं है। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने अदालत में प्रभावी पैरवी की।

फरह क्षेत्र में अपनी ही रिश्ते की बहन की अस्मत लूटने में नाकाम रहने पर उसे जिंदा जलाने वाले आरोपी उमेश को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' मामला मानते हुए 1.30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। घटना 11 मार्च 2025 की है। हरियाणा के पलवल (थाना हसनपुर) का रहने वाला उमेश, मथुरा के फरह थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में अपनी रिश्ते की बहन के घर पहुंचा था। उमेश दुपट्टा ओढ़कर और महिला का वेश धारण कर घर में दाखिल हुआ था। उसने महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जब



महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो उमेश ने उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। महिला की चीखें सुनकर जब परिजन उसे बचाने दौड़े। आरोपी उमेश छत से कूद गया जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन जख्म इतने गहरे थे कि उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने घायल उमेश को भी आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जहां से ठीक होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। मृतका के पति ने उमेश के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

---

# सड़क हादसे में यूपी के 4 पुलिस सहित 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ उरई

हरियाणा के तावड़ू स्थित कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के चार जवानों समेत पांच लोगों की जान चली गई। तावडू सदर थाना क्षेत्र में धुलावट टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले पुलिसकर्मियों की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे खड़े डंपर से जा टकराई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नूंह भेज दिया है।

- अपहरण के केस में जींद जा रही थी पुलिस टीम

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के उरई कोतवाली पुलिस की टीम अपहरण के मामले की जांच के सिलसिले में जींद की ओर जा रही थी। स्कॉर्पियो में चालक समेत चार पुलिसकर्मी सवार थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे डंपर खड़ा कर चालक पास के खोखे पर चला गया था। तभी पीछे से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो उससे टकरा गई।

---

**बरेली में 3.62 करोड़ का पानी टैंक धराशायी**

**निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन सामग्री देखकर विरोध दर्ज कराया था**

# 5 ग्रामीण मलबे में दबे, 2 इंजीनियर बर्खास्त, कंपनी को किया ब्लैकलिस्ट

एजेंसी ▶▶ बरेली

जल जीवन मिशन योजना के तहत सरदार नगर गांव में सात माह पहले बना ओवरहेड टैंक सोमवार को धराशायी हो गया। उसके नीचे पांच लोग दब गए, जिसमें से तीन की हालत गंभीर है। मामले में शासन ने जिम्मेदार इंजीनियरों और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जल निगम ने हैदराबाद की एनसीसी लि. से टैंक बनवाया था, जिसमें 3.62 करोड़ रुपए खर्च हुए। सात महीने पहले इसे हैंडओवर किया गया, जिसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन सामग्री देखकर विरोध दर्ज कराया था। कई अफसरों से शिकायत की मगर, किसी ने सुनवाई नहीं की। सोमवार शाम पांच बजे कुछ ग्रामीण टैंक के नीचे स्लैब पर बैठे थे।



**जांच टेक्निकल आडिट कमेटी को सौंपी गई**

कार्यदायी एजेंसी एनसीसी लिमिटेड और टीपीआइ बीएलजी को काली सूची में डालने का नोटिस जारी किया गया है। मामले की प्रारंभिक जांच टेक्निकल आडिट कमेटी को सौंपी गई है। कमेटी अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देगी। जलशक्ति मंत्री ने टीएसी रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की समीक्षा कर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### जल शक्ति मंत्री ने की सख्त कार्रवाई

घटना का संज्ञान लेकर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल निगम ग्रामीण के संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। जल निगम ग्रामीण के असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच और अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के विरुद्ध प्राथमिकी लिखाई है। वहीं टीपीआइ बीएलजी के बरेली स्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला



### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।




### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

मुंबई। करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

नई दिल्ली। सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

नई दिल्ली। टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

मुंबई। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

मुंबई। 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोंनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

## ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

## तय समय में काम नहीं करने पर लगेगा भारी भरकम जुर्माना

# आदमपुर खंती-330 दिन में हटेगा 33 एकड़ में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट, सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को मिला ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर खंती में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का पहाड़ धीरे-धीरे अब खत्म हो जाएगा। नगर निगम ने सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को 55 करोड रुपए से 33 एकड में लेगेसी वेस्ट को हटाने और पूरी तरह से भूमि समतल करके देने का काम दिया है। उक्त एजेंसी ने आदमपुर में लेगेसी वेस्ट की प्रोसेसिंग का काम शुरू कर दिया है। शर्तों के मुताबिक यह काम 330 दिन में पूरा करना है वरन प्रतिदिन के हिसाब से एजेंसी पर भारी-भरकम जुर्माना लगना शुरू हो जाएगा।

**लेगेसी वेस्ट की प्रोसेसिंग पर खर्च होंगे 55 करोड रुपए, एजेंसी ने काम किया शुरू**

**खंती में बीते 18 माह में 12 बार आग लगने की हो चुकी हैं घटनाएं**



लेगेसी वेस्ट निष्पादन के लिए मेसर्स ग्रीन रिसोर्स सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को नवंबर-2020 में वर्क आर्डर जारी किया गया था, लेकिन उक्त एजेंसी ने मई-2024 की निर्धारित सीमा में काम पूरा नहीं करने की स्थिति में एग्रीमेंट निरस्त कर दिया गया और पैनाल्टी भी लगाई गई। इसके बाद जून-2025 में मेसर्स सुसज्जा जेवी आनंद आटो को वर्क आर्डर जारी किया गया, लेकिन उक्त एजेंसी द्वारा काम शुरू नहीं करने पर एग्रीमेंट निरस्त कर दिया गया है। अब यह काम मेसर्स सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है, जिसे यह काम 330 दिनों में पूरा करना है। जिस समय टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई थी उस समय आदमपुर खंती में 6 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा लेगेसी वेस्ट का अनुमान लगाया गया था। सिंतबर-25 से जनवरी-26 तक 1 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा ठोस अपशिष्ट एकत्र हुआ। इस तरह वर्तमान में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का अनुमान है, जिसे संबंधित एजेंसी द्वारा निष्पादन करके भूमि को पूरी तरह से रिक्लेम किया जाएगा। इस संबंध में निगमायुक्त संस्कृति जैन का कहना कि आदमपुर में लेगेसी वेस्ट का निष्पादन के लिए समय-सीमा तय की गई है। एजेंसी ने प्रोसेसिंग शुरू कर दी है। निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### आए दिन आग लगने से वातावरण हो रहा है दूषित

आदमपुर खंती के आसपास कई ग्रामीण इलाके हैं। आग लगने की स्थिति में एक दर्जन से ज्यादा गांव जो दस किमी के दायरे में आते हैं प्रभावित होते हैं, जबकि सबसे नजदीक आदमपुर छावनी, हरिपुरा और शांति नगर गांव में हैं जहां धुएं और बदबू से लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा सत्र 25-26: अब 14 मई तक फॉर्म होंगे जमा

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा प्रथम वर्ष, (नवीन पाठ्यक्रमानुसार) (नियमित) परीक्षा सत्र 2025-26 के छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी कर दी है। बीए, बी.काम., बीएससी (जूलाजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए/बीसीए के लिए परीक्षा आवेदन की तारीखें बढ़ाई गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ एनईपी प्रथम वर्ष नियमित बीए/बी काम. /बी.एस.सी (जुलाजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए /बीसीए छात्र के लिए सामान्य शुल्क के साथ 13/4/2026 से 4/5/2026 के स्थान पर अब 14/5/2026 तक तारीख बढ़ी है। लेट फीस 300/- रुपए के साथ 15 से 19/5/2026 तक जमा किए जाएंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000/- रुपए के साथ 20 मई 2026 से परीक्षा शुरू होने से 3 दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

### एमसीयू में शुरू हुआ मल्टिडिसिप्लिनरी कोर्स

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के संयुक्त नेतृत्व में दो सप्ताह का मल्टिडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स सोमवार से शुरू हो गया। यह ऑनलाइन कोर्स 16 मई तक चलेगा। इस कोर्स में भाषा, संस्कृति, समाज और मानव अनुभव जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित कई राज्यों के शिक्षक और प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन सत्र में एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षण में नए प्रयोग करना जरूरी है, क्लासरूम के साथ-साथ आउटडोर लर्निंग भी महत्वपूर्ण है। आज के समय में तकनीकी विकास तेजी से हो रहा है और युवा देश को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना भी जरूरी है। विद्यार्थियों के विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों पर होती है और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाने में उनकी भूमिका अहम है।

## एक किमी क्षेत्र का सफर तय करने में लग रहा एक घंटा, इतने में छूट जाती है ट्रेन

# मेट्रो कार्य... रेलवे स्टेशन से नादरा बस स्टैंड तक हर रोज लग रहा जाम



काली मंदिर रोड पर लगा जाम।

**इन ट्रेनों के यात्री हो रहे परेशान**

| ट्रेन नंबर | नाम | भोपाल से जाने का समय |
|---|---|---|
| 19324 | भोपाल-डॉ. आंबेडकर नगर इंटर. | शाम 5 बजे |
| 12197 | भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी | दोपहर 3:15 बजे |
| 22161 | राज्यरानी एक्सप्रेस | शाम 5:55 बजे |
| 19712 | भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस | शाम 4:35 बजे |
| 19304 | भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस | रात 11:10 बजे |
| 11272 | विंध्याचल एक्सप्रेस | शाम 6:10 बजे |
| 12183 | भोपाल-मां बेल्हा धाम | शाम 7:15 बजे |
| 12854 | अमरकंटक एक्सप्रेस | शाम 4 बजे |
| 19343 | पंचवेली एक्सप्रेस | शाम 6 बजे |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो निर्माण काम के चलते सेंट्रल लाइब्रेरी तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड तक आए दिन सुबह व शाम के समय लगभग एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में ऑफिस छुट्टी खत्म होते ही दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस दौरान महज एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को करीब एक घंटे का समय लग जाता है। ऐसे में भोपाल रेलवे स्टेशन से दस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों पर इसका असर पड़ रहा है। जाम से दो चार होने के करीब 25 हजार से यात्री देरी से स्टेशन पहुंच पा रहे है। इसके चलते कई बार जहां अप-डाउन करने वाले यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है तो कई बार वे टिकट भी नहीं ले पाते है। इसके अलावा रोजाना 50 हजार से अधिक वाहन चालक भी घंटों जाम से परेशान हो रहे हैं। इस सब के बाद भी यहां पर यातायात पुलिस जवानों की ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है।

**जाम की यह है मुख्य वजह**

- जाम का प्रमुख कारण मेट्रो निर्माण कार्य है, जो इस मार्ग पर लगातार चल रहा है। सड़क का बड़ा हिस्सा बैरिकेडिंग के कारण पहले ही संकरा हो चुका है, ऊपर से निर्माण सामग्री, मशीनें और ट्रकों की आवाजाही के कारण ट्रैफिक और अधिक प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह से निकलने का कोई उचित वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से भी जाम बढ़ता है। यात्रियों को इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे भीड़ और बढ़ जाती है।
- इस क्षेत्र में रेलवे का पार्सल ऑफिस होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इन वाहनों के लिए अलग निकास मार्ग न होने से वे भी इसी मार्ग में फंस जाते हैं और पूरा ट्रैफिक ठप हो जाता है।
- यात्रियों, ऑटो रिक्शा और निजी वाहनों सभी का मुख्य आवागमन इसी सड़क से होता है। अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहनों के मिलने से जाम की स्थिति और गंभीर होती जाती है।

**राहगीरों को होती है बहुत ज्यादा परेशानी**

## सीएम नायब सैनी ने कुवि में सेमिनार व प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# नारी सशक्तिकरण से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना

### महिला सशक्त होगी तो राष्ट्र बुलंदियों को छुएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में "सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र" विषय पर आयोजित सेमिनार एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारी के विकास से ही विकसित भारत-2047 का सपना साकार होगा। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। सीएम ने कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा महाभारत काल में अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का संदर्भ दिया। महाभारत केवल सत्ता का युद्ध नहीं था, बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक था। नारी के अपमान ने समाज को यह संदेश दिया कि अधिकारों के हनन पर मौन रहना अधर्म है और आज भी इसी विचारधारा को अपनाने की जरूरत है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया।



कुरुक्षेत्र। कुवि में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र' विषय पर आयोजित सेमिनार का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

### 300 शोधार्थियों के लिए बनेगा महिला छात्रावास

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर आयोजित सेमिनार में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केयू में लगभग 300 शोधार्थियों एवं अंतरराष्ट्रीय छात्राओं की क्षमता वाले हास्टल का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह महिला छात्रावास आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न होगा। इसमें 300 छात्राओं के रहने की व्यवस्था होगी।

### बंगाल में मोदी की नीतियों पर जनता का भरोसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वहां की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए कमल खिलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कम्युनिस्ट सरकार और बाद में ममता बनर्जी की सरकार ने प्रदेश की जनता का शोषण किया और युवाओं के रोजगार के अवसरों को प्रभावित किया। सीएम ने कहा कि नारी, किसान, युवा और गरीब इन चार स्तंभों को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

## पुलिस की सतर्कता से पकड़ाए आरोपियों में दो महिलाएं, दो पुरुष

# पद्मश्री फूलबासन बाई यादव को अगवा करने का प्रयास, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पद्मश्री फूलबासन बाई यादव के अपहरण का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे जिले में सनसनी फैल गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी सुकुलदैहान चौकी पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। यह घटना राजनांदगांव जिले के सुकुलदैहान चौकी क्षेत्र की है। सुकुलदैहान निवासी समाजसेविका पद्मश्री फूलबासन बाई यादव अपने घर में थीं। इस दौरान बेमेतरा जिले के चार लोग उनके घर आए। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं, जो उनके पूर्व परिचित थे।

### दिव्यांग से तस्वीर लेने का कहकर कार में बिठाया




चारों ने पहले उनसे बातचीत की और फिर उन्हें अपनी कार में बैठाया। दिव्यांग से तस्वीर लेने की बात कहकर उन्हें जबरदस्ती कार में बैठाया गया। इसके बाद उन्हें पकड़कर मुंह में कपड़ा रखकर हाथ-पैर को पकड़कर जबरदस्ती ले जाया जा रहा था। अपहरणकर्ताओं का यह प्रयास सफल नहीं हो सका। शहर के चिखली चौकी के पास यातायात पुलिस जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने फूलबासन बाई को कार में देखा। फूलबासन बाई ने पुलिसकर्मियों को देखकर हाथ हिलाया और मदद के लिए आवाज दी। एक यातायात पुलिसकर्मी ने उनकी आवाज सुनी, जिसके बाद अपहरण के पूरे मामले का खुलासा हुआ। यातायात पुलिस की सजगता से अपहरणकर्ताओं को तुरंत पकड़ा गया। सुकुलदैहान पुलिस ने चारों लोगों को हिरासत में ले लिया है। उनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद ही इस पूरे मामले में और खुलासे किए जाएंगे।

## विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स में स्टैनली जॉर्डन का लाइव शो

■ बेंगलुरु और हैदराबाद में केनवुड डेनार्ड भी देंगे साथ

**नई दिल्ली।** भारत में अपने विशेष माहौल और अलग अनुभवों के लिए पहचाना जाने वाला विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, जहाँ संगीत, विदेशी व्यंजन, क्राफ्ट बीयर और बेहतरीन डिज़ाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है, इस मई कुछ खास लेकर आ रहा है। टोटल एन्वायर्नमेंट म्यूजिक फाउंडेशन के तहत चार बार ग्रैमी के लिए नॉमिनेट हो चुके जैज कलाकार स्टैनली जॉर्डन, बहुमुखी और दमदार ड्रमर केनवुड डेनार्ड के साथ लाइव परफॉर्म करेंगे। यह लाइव परफॉर्मेंस 15 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, हैदराबाद में होगी, इसके बाद 16 और 17 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।संगीत प्रेमियों के लिए ये शामें खास होने वाली हैं, जहाँ गहरे सुर, सहज इम्प्रोवाइजेशन और दो शानदार कलाकारों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिलेगा, जो कंटेम्परेरी जैज को एक जीवंत अनुभव के रूप में पेश करेगा, साथ ही ऐसा माहौल बनाएगा, जहाँ लोग आराम से बैठकर संगीत का पूरा आनंद ले सकें।

स्टैनली जॉर्डन ने अपनी अनोखी दो-हाथों से बजाने वाली 'टच टेक्नीक' के जरिए मॉडर्न जैज को एक नया रूप दिया है। इस खास तकनीक में वे एक साथ धुन, ताल और हार्मनी बजाते हैं, जिससे उन्होंने जैज की भाषा को ही बदल दिया है और दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

## जंगली सुअर के हमले में दस लोग घायल

राजनांदगांव। जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक जंगली सुअर ने तेंदूपत्ता तोड़ने गए लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में कुल 10 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से पांच को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। यह घटना एलबी नगर के पास कोहलाकसा गांव में हुई। सभी ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने के काम में लगे हुए थे। अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हमले में घायल हुए लोगों में कोहलाकसा निवासी फूलबाई साहू की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके सीने और हाथ में गहरी चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। अन्य चार घायलों को भी अस्पताल में विशेष निगरानी में रखा गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण सिंह उर्फ किशु पुत्र राम शंकर निवासी बीआर–105, इंद्रा विकास कॉलोनी, दिल्ली** ने **FIR No. 928/23, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना महेन्द्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण सिंह उर्फ किशु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण सिंह उर्फ किशु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 928/23, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना महेन्द्र पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण सिंह उर्फ किशु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.06.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्रीमती अमरदीप कौर**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**उत्तर, कमरा संख्या 117**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5827/NW/2026(Court Matter)**

## देश-दुनिया और सामान्य जीवन पर देखने को मिलेगा व्यापक असर

### कहीं दिखाई देंगे सकारात्मक परिणाम तो कहीं दिखेंगी

# इस माह चार ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन: 14 को बृहस्पति मिथुन, 15 को सूर्य वृषभ में और 18 मई को राहु-केतु भी जाएंगे कुंभ राशि में

**लोगों को झेलना पड़ेगी मौसम की मार, तरक्की का अनुकूल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मई माह में ग्रहों के राशि परिवर्तन वाला महीना रहेगा। 14 से 31 मई के बीच चार ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। इस बदलाव के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी, जिससे लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 को बृहस्पति मिथुन में, 15 को सूर्य वृषभ में गए, 18 को राहु-केतु, तो वहीं 1 मई को शुक्र मेष राशि में गोचर करेगा। इस दौरान कई बड़े ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। सूर्य, मंगल, गुरु, शुक्र और राहु-केतु जैसे प्रमुख ग्रहों के गोचर का प्रभाव सभी राशियों, देश-दुनिया और सामान्य जीवन पर देखने को मिल सकता है। ये बदलाव कहीं सकारात्मक परिणाम देंगे तो कहीं चुनौतियां भी बढ़ा सकते

### गुरु ग्रह का मिथुन राशि में गोचर

14 मई को देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु को ज्ञान, भाग्य और विस्तार का कारक माना जाता है। व्यक्ति की सोच सकारात्मक होगी और आध्यात्मिक रुचि भी बढ़ सकती है। यह समय सीखने और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल माना जाएगा।

### सूर्य का वृषभ राशि में गोचर

15 मई को सूर्य वृषभ राशि में गोचर करेगा। सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व और प्रतिष्ठा का ग्रह है। इस गोचर से जीवन में स्थिरता और व्यावहारिक सोच बढ़ेगी।

### राहु-केतु का कुंभ राशि में गोचर

18 मई को राहु और केतु कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। ये दोनों ग्रह अचानक बदलाव, भ्रम और मानसिक अस्थिरता के कारक माने जाते हैं। इस समय जीवन में अनिश्चितता बढ़ सकती है और निर्णय लेने में दुविधा महसूस हो सकती है। कुछ मामलों में अचानक बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सावधानी और धैर्य बहुत जरूरी होगा।

### शुक्र का मेष राशि में गोचर

31 मई को शुक्र मेष राशि में गोचर करेगा। शुक्र प्रेम, सुंदरता, कला और सुख-सुविधाओं का ग्रह है। इस गोचर से रिश्तों में सुधार, आकर्षण में वृद्धि और नए संबंध बनने के योग बन सकते हैं।

## आज गणेश और माता रिद्धि सिद्धि की होगी पूजा-अर्चना

**भोपाल।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकदंत संकष्टी चतुर्थी मंगलवार को राजधानी के गणेश मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार साध्य और सिद्ध योग में एकदंत संकष्टी चतुर्थी रहेगी। इस मौके पर भगवान गणेश और माता रिद्धि-सिद्धि की पूजा-अर्चना की जाएगी। संकटनाशन गणेश स्तोत्र और गणेश मंत्र का जाप होगा। भगवान का अभिषेक कर दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस व्रत को जीवन में सुख-शांति, जीवनसाथील और संतान के सौभाग्य की कामना से किया जाता है।

### गुफा मंदिर व न्यू मार्केट गणेश मंदिरों में होगी विशेष पूजा

इस मौके पर राजधानी के न्यू मार्केट गणेश मंदिर, गुफा मंदिर में विशेष पूजा की जाएगी। तो वहीं अभिषेक के बाद फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। गुफा मंदिर में भगवान गणेश के 32 स्वरूपों की पूजा होती है। हर स्वरूप की अपनी विशेषता है। इस दिन एकदंत स्वरूप की पूजा की जाएगी। वेदपाठियों ने गणेश स्तोत्र का पाठ करते हुए अभिषेक किया जाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **करण उर्फ ऋषि उर्फ नेपाली, पुत्रः** रघुबीर सिंह रावत, **पताः** मकान नंबर डी–14 / 185, सेक्टर–08, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR No. 272/2022 U/S 392/34 IPC PS: Kashmere Gate, Delhi, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ ऋषि उर्फ नेपाली,** मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ ऋषि उर्फ नेपाली,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 272/2022 U/S 392/34 IPC PS: Kashmere Gate, Delhi, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण उर्फ ऋषि उर्फ नेपाली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 138, पहली मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5927/N/2026**
**(Court Matter)**

## चिंतन

# ममता इस्तीफा दे देतीं तो गरिमा बनी रहती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सीएम पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। ऐसा करके उन्होंने अपनी गरिमा को ही कम किया है। हालांकि तकनीकी रूप से उनके इस्तीफा देने या न देने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब ममता केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही यह सारा नाटक कर रही हैं, जो उन्हें शोभा नहीं देता। वास्तविकता यह है कि अगर उन्होंने अपने शासनकाल में जनता की समस्याओं के हल करने और सुविधाएं देने में दिलचस्पी दिखाई होती तो आज उन्हें इस तरह से हार का सामना न करना पड़ता। लोकतंत्र में हार-जीत होती रहती है। विजय को नम्रता और हार को बड़प्पन के साथ स्वीकार करने से व्यक्ति की गरिमा और विश्वास बना रहता है और यही भारतीय राजनीति की पहचान रही है। ममता पहले भी विपक्ष में रहते हुए आक्रामकता के लिए जानी जाती रही हैं, लेकिन चुनाव में हार पर उनकी आक्रामता राज्य के लोगों का अपमान है। हार के लिए केंद्र सरकार, एसआईआर, चुनाव आयोग और अर्धसैनिक बलों को दोषी ठहराया जाना सरासर गलत है। ममता ने ऐसा करने के बजाय उन लोगों पर अंकुश लगाया होता जो प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ रहे थे, महिलाओं की आबरू के साथ खिलवाड़ कर रहे थे और तमाम सरकारी योजनाओं के लिए कमीशन (कट मनी) वसूल रहे थे तो उनके साथ ऐसा नहीं होता। इस बार चुनाव के दौरान हिंसा न के बराबर रही। इसलिए यह कहना कि चुनाव में गड़बड़ी हुई, नितांत हास्यास्पद है। जहां तक एसआईआर का सवाल है तो वह बंगाल में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ही हुई है। ममता ने खुद एसआईआर को लेकर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके बाद खुद सुप्रीम कोर्ट को एसआईआर पूरा करवाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी। बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ममता की टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। मंगलवार को कोलकाता में ममता ने आरोप लगाए कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं, इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। अब ममता विपक्ष को एकजुट करके अपनी राजनीति चला सकती हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पश्चिम बंगाल से विदाई हो चुकी है और ममता इसे बड़प्पन के साथ स्वीकार करें और गरिमामय तरीके से कार्यालय छोड़ दें। कुल मिलाकर लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन उसे स्वीकार करने का तरीका ही किसी नेता की असली पहचान तय करता है। नैतिक जिम्मेदारी और राजनीतिक परिपक्वता अधिक महत्वपूर्ण होती है। गरिमा बनाए रखने के लिए संतुलित प्रतिक्रिया और आत्ममंथन जरूरी है। आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति सुधरती नहीं, बल्कि जनविश्वास कमजोर होता है। ऐसे समय में शांत, जिम्मेदार और सकारात्मक रुख अपनाना ही बेहतर नेतृत्व का संकेत होता है, जो भविष्य की राजनीति के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है।



चुनाव परिणाम
विकेश कुमार बडोला

# तुष्टिकरण की विदाई, राष्ट्रवाद का उदय

> पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। बंगाल में कुल 293 में से 206 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा, 81 में तृणमूल, 2 में कांग्रेस, 2 में वामदल, 2 में अन्य विजयी हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा बहुमत के लिए आवश्यक 147 से कहीं अधिक निर्वाचन-क्षेत्र जीतकर सत्तारूढ़ होने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने निर्वाचन-क्षेत्र में पराजित हुईं। उनके पूर्व सहयोगी एवं अब भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज चुनाव आयोग व केंद्रीय शासन के प्रयासों द्वारा राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है। भाजपा की ही राजनीतिक दृष्टि के साथ असम के चुनावी परिणाम देखें तो असम के कुल 126 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा 102 पर, कांग्रेस 21 पर एवं अन्य 3 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा ने बहुमत की संख्या 64 से कहीं अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त की है। पुडुचेरी के कुल 30 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ 18 पर, कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 6 पर तथा अन्य 6 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा के बहुमत की संख्या 16 से दो क्षेत्रों में आगे रही। भगवा रंग में रंगे पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा के मत प्रतिशत को देखें तो यह क्रमशः 45.84, 37.81 व 12.19 प्रतिशत रहा।

यद्यपि असम में भाजपा को अकेले ही बहुमत के आंकड़े से अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई, तथापि वह राजनीतिक गठबंधन के धर्म का पालन करते हुए अपने सहयोगियों के साथ निरंतर तीसरी बार शासन की स्थापना करेगी। यह अत्यंत विचारणीय एवं प्रशंसनीय तथ्य है। जहां पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा शासन पर विराजमान होगी, वहीं दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु एवं केरल में से अभी केवल केरल में ही सत्तारूढ़ होने वाले दलों की स्थिति स्पष्ट है। यहां कांग्रेस अपने सहयोगी गठबंधन यूडीएफ के साथ सत्तासीन होने जा रही है। राज्य के कुल 140 निर्वाचन-क्षेत्रों में से कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन को 99 पर, सत्तारूढ़ एलडीएफ को 35 पर, भाजपा एवं अन्य दलों को 3-3 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है। यहां बहुमत के लिए आवश्यक 71 अंकों के आधार पर कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन सत्ताधारण करेगा। तमिलनाडु के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे। सत्तारूढ़ डीएमके को कुल 234 निर्वाचन-क्षेत्रों में से मात्र 65 पर विजय प्राप्त हुई, जबकि दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय का नवगठित राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) 107 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है, जो बहुमत के 118 अंकों से 11 कम है।



एआईएडीएमके, जो भाजपा का सहयोगी राजनीतिक गठबंधन है, वह 51 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है। अन्य दलों को 11 क्षेत्रों में जीत मिली है।

तमिलनाडु के संदर्भ में विचारणीय यह होगा कि टीवीके किसके समर्थन द्वारा सत्तारूढ़ होगा अथवा यह किसका समर्थन लेकर शासन स्थापना की दिशा में आगे बढ़ेगा। तमिलनाडु में 234 में से केवल 1 निर्वाचन-क्षेत्र में ही भाजपा विजय प्राप्त कर सकी है, जबकि 2021 में भाजपा यहां 4 क्षेत्रों में विजयी हुई थी। यहां भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 2.1 से 3 प्रतिशत के बीच रहा। इसके विपरीत, केरल में कुल 140 में से 3 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा विजयी हुई। यहां भाजपा का मत प्रतिशत 11.42 प्रतिशत रहा। तमिलनाडु की तुलना में केरल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कई अर्थों में अभूतपूर्व रहे। प्रथम तो यही है कि बड़े राज्यों, पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु की जनता ने वर्षों से सत्तारूढ़ रहे राजनीतिक दलों व इनके नेतृत्वकर्ताओं पर अविश्वास प्रदर्शित करते हुए उन्हें सत्ताच्युत कर दिया। इन दोनों ही राज्यों में हिंदू कारक महत्वपूर्ण रहा। जहां बंगाल में तृणमूल की ममता ने हिंदुओं की कीमत पर मुस्लिमों के तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी थी, वहीं तमिलनाडु में स्टालिन ने हिंदुओं व हिंदू धर्म के अपमान का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा था। इसकी परिणति यह रही कि आज जनता ने न केवल इन मुख्यमंत्रियों के राजनीतिक दलों, अपितु दोनों मुख्यमंत्रियों को भी पराजित करने के लिए मतदान किया है। यदि समग्रता में देखें तो लोकतांत्रिक चुनाव की इस प्रक्रिया में हिंदुओं के भीतर सुलगती रही अपमान की लहर ने दक्षिण से लेकर पूर्वोत्तर तक स्थापित राजनीतिक शक्तियों को बुरी तरह धराशायी कर दिया है। विजयी राजनीतिक दल, उनके नेता तथा केंद्र में प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री एवं अन्य नेता तक, यह कदापि न भूलें कि चुनाव आयोग को स्वतंत्रतापूर्वक अपनी लोकतांत्रिक शक्तियों के साथ कार्य करने देने के परिणामस्वरूप ही आज बंगाल में वामपंथ व तृणमूल के कुशासन तथा तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में द्रविड़ों एवं कांग्रेसियों की बहुविध तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति का पतन हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व एसआईआर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का जो अस्त्र चुनाव आयोग ने प्रयोग किया था, वह इस बार पश्चिम बंगाल में भी अपने लक्ष्य को भेदने में पूर्णतः सफल रहा। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में सत्तारूढ़ होने जा रही भाजपा को शासन चलाते समय इस बिंदु को अवश्य ध्यान में रखना होगा कि उनकी सत्ताप्राप्ति का माध्यम घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई का उनका वचन था, जिसका राजनीतिक व शासकीय पालन अब हर हाल में भाजपा को करना ही होगा। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में सर्वथा क्रांतिकारी ढंग से तथा बहुसंख्यक हिंदुओं के हित में शासकीय निर्णय लिए जाने की अति आवश्यकता है, यह बात भाजपा के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक कार्यरत नेताओं व कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलनी है। यह जनादेश केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि उस छद्म धर्मनिरपेक्षता की पराजय है, जिसने सदैव बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक संवेदनाओं को हाशिए पर रखा।

यह राजनीतिक उथल-पुथल प्रमाणित करती है कि लोकनिष्ठा को खंडित कर सत्ता का संचालन अब संभव नहीं। भारतीय मतदाता अब तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती नीतियों और हिंदू धर्मदर्शन के अपमान को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। विजयी दलों के लिए यह अवसर आत्ममुग्धता का नहीं, बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करने का है जो उन्होंने घुसपैठ और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए किए हैं। अंततः, यह लोकतंत्र की वह नूतन स्थापना है जहां राष्ट्र प्रथम का विचार ही सर्वोपरि है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
डॉ. नीलू तिवारी



# पैरानॉयड डिसऑर्डर : खामोश संकेत और बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी, ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल "शक" था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं। पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं, बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है। पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे "जिद" या "स्वभाव" समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना, धीरे-धीरे एक आदत नहीं बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है जब समाज इस व्यवहार को "सामान्य" या "पुरुष स्वभाव" कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुँचाया। हालिया रिपोर्ट बताती है कि शहरी भारत में पुरुषों द्वारा मानसिक हेल्पलाइन पर कॉल करने की संख्या में 126% की वृद्धि हुई है, लेकिन फिर भी कुल मदद लेने वालों में उनकी हिस्सेदारी कम है। यानी समस्या मौजूद है पर उसे स्वीकार करने में झिझक अब भी बनी हुई है। महिलाओं की स्थिति भी अलग नहीं है, बल्कि कई मामलों में और जटिल है। आंकड़े बताते हैं कि मानसिक विकारों विशेषकर डिप्रेशन और एंग्जायटी की दर महिलाओं में पुरुषों से अधिक पाई जाती है। यहां इस लेख की सबसे बड़ी प्रासंगिकता सामने आती है। हम आज भी शक और मानसिक बीमारी के बीच का फर्क समझने में चूक रहे हैं। हम "शक" को एक सामान्य भावना मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि कई बार यह एक गंभीर मानसिक विकार का संकेत होता है। यही अनदेखी धीरे-धीरे समस्या को गहरा करती है और अंततः किसी बड़ी त्रासदी का कारण बनती है। लोग आज भी मनोचिकित्सक के पास जाने से डरते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तो मानसिक बीमारी को कई बार अंधविश्वास या "किस्मत" से जोड़ दिया जाता है। यही सोच लोगों को सही इलाज से दूर रखती है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी भी एक चुनौती है। अगर हम समय रहते मानसिक समस्याओं को नहीं समझेंगे तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते हैं। अंततः यह समझना जरूरी है कि जब मन बीमार होता है, तो उसका असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज को प्रभावित करता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने आसपास के लोगों के मन को समझने की कोशिश करें। उनके व्यवहार के पीछे छिपे संकेतों को पहचानें और सबसे बढ़कर एक ऐसा समाज बनाएं, जहां विश्वास, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य को बराबर महत्व मिले। दरअसल, जब मन संतुलित होता है, तो रिश्ते सुरक्षित रहते हैं और जब मन संदेह में डूब जाता है तो सबसे मजबूत रिश्ते भी टूट जाते हैं।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
## दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खतरनाक गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है-खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

*- प्रदीप चन्द्राकर, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हम यूएई के साथ



यूएई पर हुए हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### जनादेश की चोरी



कांग्रेस के कुछ लोग और अन्य टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह बात समझनी चाहिए - असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नारी शक्ति का अपमान



नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले नेताओं, विरोध करने वाली पार्टियों को आज उनकी औकात दिखा दी गई है। डीएमके के स्टालिन हों, ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल। नारी शक्ति का अपमान करने वाला हर व्यक्ति आज जवाब देने में असमर्थ है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र विरोधी ताकतें




आज मैंने पंजाब के विधायकों से बातचीत की। आम आदमी पार्टी राष्ट्रहित में लोकतंत्र विरोधी ताकतों को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब की जनता आगामी चुनावों में भाजपा के अश्वमेध घोड़े को रोकेगी और लोकतंत्र की विजय सुनिश्चित करेगी।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# महिला संरा प्रमुख चुनी जाती है तो 'बेहद खुशी' होगी : चीन


चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के लिए किसी महिला की नियुक्ति का यह कहते हुए खुलकर समर्थन किया कि अगर इस बार कोई महिला इस शीर्ष पद पर आसीन होती है तो उसे ' 'बेहद खुशी' होगी। संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में अभी तक कोई महिला इस पद पर नहीं पहुंच सकी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत फू कोंग ने सोमवार को कहा, 'हम किसी महिला को महासचिव के रूप में देखकर बहुत खुश होंगे। 80 साल हो गए हैं-अगर इस बार कोई महिला महासचिव बन सकती है तो चीन इसका स्वागत करेगा।' संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद की दौड़ में दो महिलाओं समेत अभी चार उम्मीदवार हैं। पहली महिला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बेशेलेट और दूसरी महिला संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिन्सपान हैं। पुरुष उम्मीदवारों में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सॉल शामिल हैं। पिछले महीने चारों उम्मीदवारों ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और नागरिक संगठनों के सामने अपना-अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी बताया कि वे इस शीर्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त क्यों हैं।



## ऑफ बीट

# क्या परीक्षा प्रणाली बच्चों को कौशल सीखने से रोक रही ?

दुनिया भर में, खासकर अफ्रीका में, शिक्षा प्रणालियां ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रही हैं जो रटने की बजाय आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान जैसे कौशल विकसित करने पर जोर देते हैं। योग्यता-आधारित यानी कॉम्पीटेन्सी बेस्ड पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्र में रखना है। इनका लक्ष्य छात्रों को एक तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है, जहां सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यक्ति कितनी जल्दी खुद को ढाल सकता है, सोच सकता है और जटिल समस्याओं को हल कर सकता है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों के विपरीत, जो अक्सर तथ्यों को याद करने और विषयवस्तु को पूरा करने पर जोर देते हैं, ये नए पाठ्यक्रम इस बात पर केंद्रित हैं कि छात्र जो सीखते हैं उसे वास्तविक जीवन में कैसे लागू करते हैं। उदाहरण के लिए, केवल वैज्ञानिक परिभाषा याद करने के बजाय छात्रों से यह पूछा जा सकता है कि वे किसी अवधारणा का उपयोग करके यह समझाएं कि बीमारियां कैसे फैलती हैं। हालांकि इस बदलाव पर चर्चा में अक्सर शिक्षकों की तैयारी, संसाधनों की कमी और पाठ्यक्रम के सही क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों पर ध्यान दिया जाता है लेकिन ये सभी कारण पूरी तस्वीर नहीं बताते।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों में इस तरह बढ़ी भाजपा


# 23 में से 9 जिलों में नहीं खुल पाया टीएमसी का खाता, भाजपा ने इस बड़े चुनाव में राज्य को पूरी तरह अपने रंग में रंग दिया व इतिहास रचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के 23 जिलों में से 9 जिलों में भाजपा ने टीएमसी का पूरी तरह सफाया कर दिया और इन क्षेत्रों की सभी 68 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने इस बड़े चुनाव में राज्य को पूरी तरह अपने रंग में रंग दिया। प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार में जो कहा था कि टीएमसी कई जिलों में खाता नहीं खोल पाएगी, वह सही साबित हुआ। 15 साल से सत्ता में रही टीएमसी करीब 80 सीटों पर सिमट गई। इस नतीजे के साथ भाजपा ने पूर्वी भारत के अपने आखिरी बड़े गढ़ को भी जीत लिया।

*इन सीटों पर टीएमसी का कर दिया सफाया*

*आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी की बात सच साबित हो गई*



### सुवेंदु का लगातार बढ़ रहा प्रभाव

भाजपा के प्रदर्शन में सबसे ऊपर पूर्व मेदिनीपुर जिला रहा, जहां पार्टी के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी ने पूरी तरह दबदबा बना दिया। भाजपा ने यहां सभी 16 सीटें जीत लीं, जबकि पिछले चुनाव में उसने 15 सीटें जीती थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद से अधिकारी का प्रभाव लगातार बढ़ा है।

**ललिता का बर्तन मांजने से विधायक बनने तक का सफर**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एक शख्स की जीत की हर तरफ चर्चा है। हम बात कर रहे हैं घर-घर में बर्तन मांजने का काम करने वालीं घरेलू कामगार कलिता माजी की जिन्होंने औशग्राम विधानसभा से शानदार जीत हासिल की है।

## तमिलनाडु में नई सियासी हलचलः टीवीके को आज मिल सकता है कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी आज बैठक कर औपचारिक रूप से तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय को सरकार बनाने में अपना समर्थन दे सकती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जानकारी दी है कि टीवीके अध्यक्ष विजय ने राज्य में सरकार गठन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से समर्थन मांगा है। तमिल फिल्मों में सुपरस्टार रहे विजय ने सियासी रूप से भी खुद को सुपरस्टार के तौर पर स्थापित करने में सफलता पाई है। महज तीन साल की शुरुआत में उन्होंने ने केवल सूबे से द्रविड़ राजनीति का पन्ना पलटने में कामयाबी पाई बल्कि मुख्यमंत्री के पद पर भी आसीन होने जा रहे हैं।

वेणुगोपाल के मुताबिक, विजय ने अपने राजनीतिक मिशन में तमिलनाडु के पूर्व दिग्गज नेता के. कामराज से प्रेरणा लेने की बात भी कही है। इसे राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

### प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा पर आज एआईसीसी कर सकती है समर्थन का ऐलान

**कांग्रेस का रुख स्पष्ट**

कांग्रेस ने अपने बयान में साफ किया है कि तमिलनाडु की जनता ने एक धर्मनिरपेक्ष (सेक्युलर) सरकार के पक्ष में जनादेश दिया है, जो संविधान की मूल भावना की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हो। पार्टी ने यह भी दोहराया कि वह किसी भी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी या उसके सहयोगियों को राज्य की सत्ता में आने नहीं देना चाहती।

**टीएनसीसी को सौंपा अंतिम फैसला**

कांग्रेस नेतृत्व ने तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) को निर्देश दिया है कि वह विजय की ओर से आए समर्थन प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय ले। यह फैसला राज्य के जनादेश और जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।

**राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के संकेत**

विजय की पार्टी के समर्थन के इस प्रस्ताव के बाद तमिलनाडु में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस समर्थन देती है, तो राज्य में एक नई गठबंधन सरकार बनने की संभावना मजबूत हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### संगमेश्वर में नाव पलटने से मासूम समेत 2 लापता



**बांसवाड़ा।** जिले में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब संगमेश्वर नदी में 10 लोगों से भरी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना अरथूना क्षेत्र में करीब 3 बजे हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में नदी किनारे जुट गए। नाविक सहित 8 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई।

### ओवरटेक के चक्कर में गई 5 लोगों की जान



**नूंह।** जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10:30 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। लोगों के बताया वाहन चालक ने ओवरटेक की कोशिश की थी।

### बंगाल के नतीजे देखकर मोइत्रा ने बदले सुर




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को बंगाल में भाजपा की जबरदस्त जीत पर अपनी चुप्पी तोड़ी, तो उनके सुर बदले हुए नजर आए। पहले आक्रामक थीं। महुआ ने एक्स पर किए ट्वीट में लिखा- अगर बंगाल को भाजपा चाहिए थी, तो बंगाल को भाजपा मिल गई। मगर इसी ट्वीट के आखिरी में उन्होंने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए।

### स्कूली बस खाई में गिरी, 30 बच्चे सुरक्षित



**नई दिल्ली।** अंबेडकरनगर में स्कूली बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई और पेड़ से टकराकर अटक गई। बस में सवार 30 बच्चे सुरक्षित बच गए, जबकि एक शिक्षिका को हल्की चोट आई। लोगों ने शीशा तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला, जिससे हादसा टल गया। कुछ बच्चे घायल हो गए थे। घायल बच्चों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाल श्रम करते 40 बच्चे रेस्क्यू, यूनिट लॉक



**पूर्वी दिल्ली।** जगजीत नगर, घोंडा में बाल श्रम के संबंध में मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, यमुना विहार के एसडीएम ने कार्रवाई शुरू की। 4 यूनिट और 2 दुकानों को सील कर दिया गया। लगभग 40 नाबालिग बच्चों को बचाया गया। बाल श्रम में बच्चों को लगाए जाने के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके बाद उस्मानपुर पुलिस स्टेशन ने कार्रवाई की।

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

# राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता रद्द करने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**पंजाब में दल- बदल की लड़ाई सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची | अब विधायकों की एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली ले गए**



पंजाब में दल-बदल की लड़ाई को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान आज सर्वोच्च संवैधानिक पद तक ले गए। मंगलवार को उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात कर सूबे के आप विधायकों द्वारा चुने गए ऐसे सभी राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता रद्द करने की मांग की जिन्होंने पार्टी छोड़ कर भाजपा ज्वाइन की। आप विधायकों की एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पंजाब के विधायकों के साथ दिल्ली पहुंचे और राष्ट्रपति भवन में हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि पंजाब में केवल दो विधायक होने के बावजूद भाजपा के राज्यसभा सदस्यों की संख्या पंजाब से सात हो गई है। ये नाटकीय वृद्धि लोकतांत्रिक आदेश का स्पष्ट उल्लंघन दर्शाती है।

सात सांसदों को 'इलेक्टेड नहीं, बल्कि सेलेक्टेड' बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनके दल-बदल को पंजाब के साथ विश्वासघात करार दिया। उन्होंने इन सदस्यों को इस्तीफा देने और नया जनादेश लेने की चुनौती दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बैठक के कुछ अंश साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आज दिल्ली में राष्ट्रपति के सामने हमने देश में हो रहे 'लोकतंत्र के कत्ल' के खिलाफ अपनी आवाज मजबूती से उठाई। राजनीतिक दलों को असंवैधानिक तरीके से तोड़ना और भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' में दागी नेताओं को साफ करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हमारे लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि हमने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि 'ऑपरेशन लोटस' की घिनौनी चालें पंजाब में कभी सफल नहीं होंगी। हमारे विधायक लाखों पंजाबियों की आवाज हैं और पंजाब के लोग कभी भी विश्वासघात बर्दाश्त नहीं करेंगे। 'आपका जन सेवक' होने के नाते, मैं हर पंजाबी को विश्वास दिलाता हूं कि हम लोगों के जनादेश की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए अपने अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, राज्यसभा के 7 सदस्यों के दल-बदल से लोकतंत्र का कत्ल हुआ है। यह असंवैधानिक है क्योंकि या तो पूरी पार्टी को प्रस्ताव पास करना चाहिए था, लेकिन इन सात सांसदों ने असंवैधानिक तरीके से अपनी निष्ठा बदल ली, जिससे लोकतंत्र का मजाक उड़ाया गया।₹ उन्होंने आगे कहा, भाजपा के पास दो विधायक हैं लेकिन सात राज्यसभा सांसद हैं, जो संविधान का मजाक है। इन सांसदों को उस नई पार्टी में शामिल होने से पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था, जिसकी वे पहले निंदा करते थे। व्यवस्था में सुधार की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए ताकि सांसद को वापस बुलाने का प्रावधान किया जा सके, जैसा कि राघव चड्ढा मांग करते रहे थे ताकि इन सांसदों को देशद्रोह के लिए सजा दी जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा, पंजाबी इस तरह पीठ में छुरा मारना बर्दाश्त नहीं करते और उन्हें प्रदेश के लोग सजा देंगे। ये नेता अब उलझे हुए हैं, जिसके कारण वे बेतुके बयान दे रहे हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹भाजपा में शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि इन नेताओं को बुरे कामों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। चाहे उनके पापों के बारे में बाद में रिपोर्ट आएं, लेकिन भविष्य में भी उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जवाबदेही के बारे में दृढ़ रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ₹भाजपा की ढाल उन्हें दूसरे राज्यों में कानून के जाल से तो बचा सकती है, लेकिन पंजाब में नहीं। इन नेताओं को पंजाबियों को धमकाने से बाज आना चाहिए क्योंकि पंजाबी उन्हें उनकी असली स्थिति दिखा देंगे। उन्होंने आगे कहा, लोगों के प्रतिनिधियों द्वारा चुने गए इन नेताओं को पंजाब के लोगों की पीठ में छुरा मारने के लिए सदन से बर्खास्त कर देना चाहिए।₹ उन्होंने टिप्पणी की, भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके देश के संविधान का उल्लंघन कर रही है। यह विडंबना है कि उसी अशोक मित्तल को भाजपा ने जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की, जिसके ठिकानों पर कुछ दिन पहले ईडी ने छापे मारे थे। दल-बदल के हालात के बारे में उन्होंने कहा, यह भाजपा की बांह मरोड़ने वाली रणनीति है। राघव चड्ढा, जो कहा करता था कि भाजपा बिना डिटर्जेंट वाली वॉशिंग मशीन है, जहां राजनीतिक नेताओं के पाप धोए जाते हैं, अब उसी पार्टी से हाथ मिला रहा है। उन्होंने आगे कहा, राघव चड्ढा भगवा पार्टी में शामिल होकर बेतुकी बातें करने लगा है। उसे भाजपा में शामिल होने से पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा, मैं संकट की इस घड़ी में पार्टी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए विधायकों का धन्यवाद करता हूं। मैं इस शक्ति प्रदर्शन के लिए निजी तौर पर इन विधायकों का ऋणी हूं।

भाजपा की पंजाब के प्रति पहुंच पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, भाजपा को कभी भी पांच दरियाओं की इस धरती से जीतने का सपना नहीं देखना चाहिए। प्रदेश के लोग भाजपा के संदिग्ध चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं और वे इसे सबक जरूर सिखाएंगे। उन्होंने आगे कहा, ₹भले ही भाजपा कुछ राज्यों में मिली जीत से उत्साहित है, जहां तक पंजाब का सवाल है, प्रदेश और उसके लोगों के प्रति उसके अन्याय और सौतेले व्यवहार की कहानी बहुत लंबी है। उन्होंने कहा, भाजपा पंजाब को पंजाब यूनिवर्सिटी, झाकी, चंडीगढ़, भाखड़ा बांध और हर दूसरे वैध अधिकार से वंचित करना चाहती है। वित्तीय चिंताओं के संबंध में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा,इन लोगों ने पंजाब के विकास को खतरे में डालने के लिए प्रदेश के वैध फंड रोक दिए हैं। उन्होंने आगे कहा, हवाई किले बनाने के बजाय भाजपा नेतृत्व को यह भूल जाना चाहिए कि वह कभी पंजाब में सत्ता संभालेगा। पंजाब और पंजाबियों के खिलाफ किए गए गुनाह माफ नहीं किए जा सकते।₹ उन्होंने टिप्पणी की, ₹भाजपा किस मुंह से पंजाब आएगी, जब उसके नेताओं ने कभी प्रदेश और उसके लोगों के मुद्दे नहीं उठाए ?

पंजाब के बहादुर और समझदार लोग भाजपा के बुरे कामों को कभी नहीं भूलेंगे और उसे उचित सबक सिखाएंगे। राजनीतिक वास्तविकता की पहचान कराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, भाजपा के पास इस समय प्रदेश में दो विधायक हैं, लेकिन जिस तरह से वह शेखी बघार रहे हैं, इससे उनकी सीटें शून्य हो सकती हैं। उन्होंने आगे कहा, पंजाबी ऐसी तानाशाही चालों के आगे नहीं झुकते और हमेशा उन विभाजनकारी ताकतों को उचित सबक सिखाते हैं, जो पंजाब पर बलपूर्वक राज करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ₹जब से प्रदेश सरकार ने बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून बनाया है, भाजपा परेशान है क्योंकि वह पंजाब में अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे नहीं बढ़ा पाएगी। सरकार का रुख दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब में बार-बार नकारने के बावजूद भाजपा ने डराने-धमकाने, लालच देने और दल-बदल के प्रयासों के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त सरकार को कमजोर करने की कोशिशें करके प्रदेश के प्रति दुश्मनी वाला रवैया अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹आप अपनी ताकत आम लोगों से प्राप्त करती है और एक सैद्धांतिक दृष्टिकोण से जुड़ी हुई है। ऐसी घिनौनी चालें लोकतंत्र में राजनीतिक जीत सुनिश्चित नहीं कर सकतीं। पंजाबी उन्हें उचित सबक सिखाएंगे।

## कोविड के बाद कॉरपोरेट का मुनाफा बढ़ा 30 फीसदी, मगर निवेश की रफ्तार सुस्त, जयराम रमेश ने उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने देश की अर्थव्यवस्था में निजी कॉरपोरेट निवेश की सुस्ती को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार टैक्स दरों में कटौती और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के दावों के बावजूद निजी निवेश में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेता ने अपने बयान में कहा कि पार्टी लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रही है कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार को तेज करने में सबसे बड़ी बाधा निजी निवेश की कमी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना था, लेकिन इसके बावजूद कॉरपोरेट सेक्टर निवेश करने से पीछे हट रहा है।

रमेश ने वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार के हवाले से कहा कि कोविड-19 के बाद देश की बड़ी कंपनियों के मुनाफे में सालाना 30.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, लेकिन इसके बावजूद निवेश में समान वृद्धि देखने को नहीं मिली। उनके अनुसार, यह स्थिति अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है।

### जयराम ने इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए

**1. उपभोक्ता मांग में कमी**

रमेश के मुताबिक, देश में वास्तविक मजदूरी स्थिर बनी हुई है, जिससे उपभोक्ता मांग में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि जब बाजार में मांग कमजोर होती है, तो कंपनियों के पास निवेश करने का प्रोत्साहन भी कम हो जाता है।

**2. जांच एजेंसियों का दबाव**

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की कार्रवाईयों ने कारोबारी माहौल में अनिश्चितता और भय पैदा किया है। उनके अनुसार, इससे निवेशकों का विश्वास प्रभावित हुआ है।

**3. चुनिंदा कंपनियों का बढ़ता वर्चस्व**

रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने कुछ बड़े औद्योगिक समूहों को फायदा पहुंचाया है, जिससे निवेश-प्रधान क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा घट रही है। उन्होंने इसे 'क्रोनी कैपिटलिज्म' का उदाहरण बताया।

**4. राजनीतिक फंडिंग और निवेश का संबंध**

कांग्रेस नेता ने 'चंदा लो, धंधा दो' जैसे आरोप लगाते हुए कहा कि जब कंपनियां बिना जोखिम लिए राजनीतिक माध्यमों से लाभ कमा सकती हैं, तो स्वतंत्र निवेश की प्रेरणा कम हो जाती है। बहरहाल केंद्र सरकार पहले भी यह दावा करती रही है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई संरचनात्मक सुधार किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि निजी निवेश में तेजी नहीं आती, तो दीर्घकाल में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की रफ्तार पर असर पड़ सकता है।

## कर्नाटक में बदलाव के संकेत

# दिल्ली से बुलावा मिला तो जाएंगे सिद्धारमैया, डीके बनेंगे सीएम!

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कैबिनेट फेरबदल, नेतृत्व परिवर्तन और हालिया चुनावी नतीजों पर कई अहम बयान दिए। कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर फैसला पार्टी हाईकमान के स्तर पर होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें जब बुलाया जाएगा, तब हम दिल्ली जाएंगे। नवंबर 2025 में सरकार के ढाई साल पूरे होने के साथ ही कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर तेज हो गईं। 2023 में कांग्रेस की जीत के समय ही हो गई थी, जब संकेत मिले थे कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल के पावर शेयरिंग फॉर्मूले पर सहमति बनी है।

शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की उनके समर्थकों की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उनके इस बयान को राज्य कांग्रेस में चल रही अंदरूनी चर्चाओं के संदर्भ में अहम है।

## राजस्थान विस में 'समिति प्रणाली' में बोले मप्र के स्पीकर तोमर

# समितियों को प्रभावी बनाने से बढ़ेगी विस की कार्यक्षमता

एजेंसी ▶▶ जयपुर

**मप्र,उप्र,राजस्थान,ओडिशा,सिक्किम हिमाचल के अध्यक्षों ने रखे विचार | मध्यप्रदेश विस के प्रयासों का भी किया जिक्र**

मध्य प्रदेश विधानसभा में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है लोकतंत्र केवल संविधान के प्रावधानों से नहीं, बल्कि जन-आकांक्षाओं को नीतियों में बदलने वाली संस्थाओं से चलता है। इसके लिए समिति प्रणालियां मजबूत होना बेहद जरूरी है। यह तभी संभव होगा जब संवाद, सहमति और सहयोग के माध्यम से बेहतर निर्णय लिए जाएंगे। यहां राजस्थान विधानसभा में समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की दूसरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए स्पीकर तोमर ने कहा कि समितियों को प्रभावी बनाने से न केवल विधायिका की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सुदृढ़ होगा।



### समितियां संवैधानिक प्रावधान नहीं लोकतंत्र की आत्मा हैं

तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतांत्रिक शासन का वह आधारभूत स्तंभ है, जो नीति निर्माण को व्यावहारिक और उत्तरदायी बनाता है। समितियां केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा हैं। हमारा दायित्व है कि हम इस प्रणाली को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें। जब समितियां सशक्त होंगी, तभी विधायिका सशक्त होगी। लोकतंत्र विश्वसनीय होगा।

**संवाद, सहमति से ही बेहतर निर्णय संभव**

समिति प्रणाली हमें सिखाती है कि संवाद, सहमति और सहयोग के माध्यम से ही बेहतर निर्णय लिए जा सकते हैं। इसे प्रभावी बनाने से न केवल विधायिका की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सुदृढ़ होगा। समिति की पहली बैठक 14 जुलाई 2025 को मप्र विधानसभा में हुई थी।

### 6 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल

बैठक में पश्चिम बंगाल को छोड़ कर सात में से 6 राज्यों मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ओडिशा विधान सभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और सिक्किम विधान सभा के अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा शामिल हुए। गौरतलब है कि समिति की पहली बैठक 14 जुलाई 2025 को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित हुई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव उपस्थित हुए थे। इस बैठक में समिति प्रणाली के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याण में इसकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ था।

## कैबिनेट के फैसले

# गन्ना-कपास किसानों को सौगात 2 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई अहम आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी। इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम , कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए अहम माने जा रहे हैं। इन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपए खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए ईसीसीएलजीएस 5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

### कैबिनेट के अहम निर्णय : गन्ने की एमआरपी 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल किया

# एमएसएमई व एविएशन सेक्टर को बूस्ट देगी मोदी सरकार, 18,100 करोड़ रुपये फंड का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।

■ पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया



**आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में मदद मिलेगी:** वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

#### रोजगार बनाए रखने में मदद मिलेगी

सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई और विमानन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है।

#### दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

केंद्र सरकार ने दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई शामिल है।

#### वडिनार में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र

केंद्र सरकार ने गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे।

#### कपास उत्पादकता बढ़ाने 5,659 करोड़ मंजूर

सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है।

#### सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाया

सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया, ''10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।'' हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 48 फीसदी का उछाल



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 48.5 प्रतिशत बढ़कर 5,259.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 3,541.85 करोड़ रुपये रहा था। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में परिचालन आय 54,891.55 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 42,585.67 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय सालाना आधार पर 39,113.61 करोड़ रुपये से बढ़कर 49,615.48 करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.32 प्रतिशत बढ़कर 18,621.71 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2024-25 में 14,073.17 करोड़ रुपये था।

## कच्चे तेल के महंगे होने से भारतीय तेल कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तेजी से घट सकती है। इसके अलावा बड़े स्तर पर भंडारण और अधिक रिफाइनिंग मात्रा के कारण कार्यशील पूंजी की जरूरत भी बढ़ेगी, जिससे मुक्त

■ घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने से होंगे प्रभावित



नकदी प्रवाह पर दबाव आएगा। फिच रेटिंग्स ने कहा कि कच्चे तेल में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बजाय लंबे समय तक ऊंची कीमतें बने रहना एक बड़ा जोखिम है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के व्यवसाय मॉडल और पूंजीगत व्यय के आधार पर उनके क्रेडिट प्रोफाइल में अंतर दिखेगा। इंडियन ऑयल का विविधीकृत कारोबार उसे अपेक्षाकृत अधिक मजबूत बनाता है, जबकि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पर विस्तार और ऊर्जा बदलाव से जुड़े खर्च के कारण अधिक दबाव रह सकता है।

## मिड ईस्ट संकट भारत की जीडीपी वृद्धि दर को नीचे ला सकता है : सीआईआई

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं। मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है। उन्होंने बातचीत में कहा, यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। हालांकि, उन्होंने माना कि जब तक पश्चिम एशिया का संकट समाप्त नहीं होता, तब तक जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट आकलन करना कठिन है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में मेमानी ने कहा, विभिन्न कीमत स्तरों और उनके भारत की वृद्धि पर अलग-अलग प्रभाव के पर्याप्त उदाहरण मौजूद हैं।

■ देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती हैं

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और रुपए में गिरावट से धारण प्रभावित

## पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 252 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों



पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में बढ़त दर्ज की गई।

#### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया

नायर ने कहा कि ऊंचे कच्चे तेल के दामों का दबाव बने रहने से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों के उम्मीद से थोड़े बेहतर परिणामों ने कुछ सहारा दिया और चुनिंदा शेयरों में निचले स्तर पर खरीदारी देखी गई।

## जिंदल स्टेनलेस के लाभ में 41 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिंदल स्टेनलेस का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 41 प्रतिशत बढ़कर 834.21 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि उसे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 589.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

चौथी तिमाही के दौरान, कंपनी की कुल आय बढ़कर 11,427.91 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 10,292.27 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्तवर्ष 2025-26 के लिए,



कंपनी का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 3,184 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वर्ष 2024-25 में 2,499.72 करोड़ रुपये था। कुल आय मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बढ़कर 43,306.14 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 39,603.06 करोड़ रुपये थी।

#### जेएलआर ने ब्रिटेन से आयातित एसवी मॉडलों के दाम 75 लाख रुपये तक घटाए

**नई दिल्ली।** भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के फायदे को पास-ऑन करते हुए जगुआर लैंड रोवर(जेएलआर) इंडिया ने अपनी लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर एसवी मॉडल्स की कीमतों में कटौती की है। फ्लैगशिप रेंज रोवर एसवी की शुरुआती कीमत अब 4.25 करोड़ रुपए से घटकर 3.50 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) हो गई है, यानी पूरे 75 लाख रुपए की बचत होगी। साथ ही रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी एडिशन टू की कीमत 2.75 करोड़ रुपए से घटकर 2.35 करोड़ रुपए रह गई है। इसकी कीमत में भी 40 लाख रुपए की कटौती हुई है। इसके अलावा एक नया बेस स्पोर्ट एसवी वेरिएंट भी 2.05 करोड़ रुपए में लांच किया गया है। ये कटौती यूके से इंपोर्टेड सीबीयू मॉडल्स पर ड्यूटी कम होने (110% से 30% के आसपास पहले साल) का सीधा फायदा है। इससे पहले सितंबर 2025 में जीएसटी सुधारों से भी कीमतें 30 लाख रुपए तक घटी थीं।

#### सबसे अधिक स्पैम कॉल में भारत पांचवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर पुत्र** अख्तर, **निवासी** मकान नं0 ए–87, पोस्ट ऑफिस वाली गली, अहीर कॉलोनी, नांगलोई, दिल्ली, ने **FIR No. 611/2020, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मुडंका, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 611/2020, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मुडंका, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंघल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
पश्चिम जिला, कमरा नं0–355,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5901/OD/2026
(Court Matter)

**NOTICE**

I, Yogender Singh Rana alias Yoginder Singh Rana S/o Mahinder Singh Rana, R/o H. No.-3, Village Jindpur, Alipur, North West Delhi, Delhi-110036 have changed my name and shall hereafter be known as Yoginder Singh Rana.

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby notified that we, (i)Mr. Vishvajeet Sharma S/o Shri Yogeshwar & (ii)Smt. Payal Sharma W/o Shri Vishvajeet Sharma intend to purchase a Property No.A-113, Second Floor, Measuring Area 180 Sq.Yds. Situated at Anand Vihar, Delhi-110092 From Shri Ghanshyam S/o Late Man mohan R/o E-6/25, Krishna Nagar, Delhi, who represent himself absolute owners of the property on the basis of REGD. WILL dated 13.02.2018 executed by his mother Late Smt. Sneh Lata. It is therefore, Notified that anybody claiming any rights, title, interest, share or lien over the aforesaid property may file such claim or objection to the undersigned within a period of 15 days from the date of Publication of this notice. Otherwise, it will be presumed that the said property is free from all encumbrances, charges and/or lien, etc. and We are free to purchase the said property from the above named seller.

Mr. Vishvajeet Sharma S/o Shri Yogeshwar & (ii)Smt. Payal Sharma W/o Shri Vishvajeet Sharma R/o F-20, Gali No.11, Jagatpuri, Parwana Road, Krishna Nagar, Delhi-110051

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी इमरान पुत्रः** मनवर, **पताः** मकान नं. 325, गली नंबर 25, चांद बाग, भजनपुरा, **दिल्ली FIR No. 119/2015, U/s: 379/34 IPC, पुलिस थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **इमरान, FIR No. 119/2015, U/s: 379/34 IPC, पुलिस थानाः कोतवाली, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5766/N/2026
(Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## महंगे मेमोरी चिप्स से घट सकती है मोबाइल की आपूर्ति

**नई दिल्ली।** मेमोरी चिप्स की कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस साल भारत में स्मार्टफोन की आपूर्ति 10-12 प्रतिशत तक घट सकती है। बाजार शोध फर्म सीएमआर की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' रिपोर्ट के मुताबिक, देश के स्मार्टफोन बाजार में सालाना आधार पर आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरएएम और एनएएनडी फ्लैश जैसी मेमोरी की कीमतों में तेज वृद्धि से मोबाइल फोन की लागत बढ़ गई, जिससे कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं।

सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' ने जारी की रिपोर्ट

## चांदी 1,500 रुपये मजबूत सोना 300 रुपये फिसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को भी सोने पर दबाव बना रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके प्रभावों को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति ने ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। गांधी ने कहा, ''अब जब यह संघर्ष अपने दसवें सप्ताह में है, तो बदलते व्यापक आर्थिक हालात के जवाब में निवेशक डॉलर और बॉन्ड को तरजीह दे रहे हैं, जबकि वे सोने से दूरी बनाए हुए हैं।

■ चांदी बढ़कर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम पहुंची

#### संघर्ष विराम को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ

ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चेनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से भड़की हिंसा ने चार सप्ताह से चल रहे संघर्ष-विराम के प्रयासों को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## रुपया दो पैसे टूटकर निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल के करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने से भारत जैसे तेल आयातक देशों पर दबाव बना हुआ है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.30 प्रति डॉलर पर खुला।

## शब्द पहेली - 6217



**बाएँ से दाएँ**


1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

### शब्द पहेली -6216 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भ | स्मा | सु | र | | दा | न | वी | र | |
| नौ | | | ब | स | | न | ग | | | म |
| ज | प | | ह | म | ला | व | र | | म | ल |
| वा | र | | | | न | | | | न | म |
| न | व | जा | त | | त | | अ | न | मो | ल |
| | र | | ह | रा | म | खो | र | | ह | |
| अ | दि | क्षी | त | | ला | | ज | मा | न | त |
| स | गा | | | | म | | | | सिं | ह |
| मा | र | | क | म | त | र | ता | | ह | ल |
| न | | | मा | ही | | ज | ड़ | | | क्रा |
| | म | स | ल | न | | क | ना | ग | त | |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



अभिषेक शर्मा
440 रन
हैदराबाद



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ दुबई

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था।

साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है।'



**275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत**

आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।' दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं।

### शीर्ष सात टीम में कोई बदलाव नहीं

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं।

# विमेंस टी20 रैंकिंग : शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, भारत तीसरे पायेदान पर

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से जारी ताजा टी20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शीर्ष पायदान पर अपनी पकड़ और मजबूत बना ली है। अपडेटेड रैंकिंग में, मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज मिला है। इस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर है। इस टीम को दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर 12 प्वाइंट्स की बढ़त हासिल है, जबकि भारत 264 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर मजबूती से बना हुआ है।

## चामरी ने की शानदार बढ़त हासिल



दुबई। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू ने हालिया शानदार प्रदर्शन के साथ आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है। अटापट्टू को टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा मिला है, जबकि ऑलराउंडर्स की सूची में उन्होंने 2 स्थानों की छलांग लगाई है। चामरी अटापट्टू को बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की 3-0 की शानदार जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। इस अनुभवी खिलाड़ी ने तीन पारियों में कुल 115 रन बनाने के अलावा, चार विकेट भी लिए थे। इस हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चामरी 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, ऑलराउंडर्स की सूची में भी उन्होंने तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। इसी के साथ अटापट्टू ने भारत की दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर को पछाड़ दिया है। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में अब उनसे आगे सिर्फ न्यूजीलैंड की कप्तान एमी केर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ही हैं।

## खबर संक्षेप

### छोटा प्रारुप खेल को गति की ओर ले जाएगा: चिराग

**नई दिल्ली।** शीर्ष पुरुष युगल खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने कहा कि बैडमिंटन का नया 15 अंक का



प्रारुप पारंपरिक 21 अंक के प्रारुप से बहुत अधिक अलग नहीं है। पारंपरिक प्रारुप में खिलाड़ियों की सहनशक्ति की परीक्षा होती थी और यह पूर्ण चुनौती पेश करता था लेकिन चिराग ने स्वीकार किया कि छोटा प्रारुप खेल को गति और ताकत की ओर ले अधिक ले जाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने हाल ही में डेनमार्क में अपनी सालाना आम बैठक में 15 अंक के तीन गेम के प्रारुप को अपनाने की स्वीकृति दे दी। इस प्रस्ताव को डाले गए वोटों में से जरूरी दो-तिहाई बहुमत मिल गया। नया 15 अंक का तीन गेम का प्रारुप 4 जनवरी 2027 से लागू होगा और इसे भारत के पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

### गंगा ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** सेना के निशानेबाज गंगा सिंह ने मंगलवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जबकि हरियाणा के कमलजीत चौधरी और सुरभि राव ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। गंगा सिंह ने फाइनल में 357.8 का स्कोर किया और पोडियम पर शीर्ष पर रहे। उन्होंने रेलवे के अर्जुन बबूता को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 356.9 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। स्वप्निल कुसाले ने 343.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। हरियाणा के कमलजीत और सुरभि ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में 576 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर फाइनल में 476.6 के स्कोर के साथ गोल्ड पक्का किया।

### कप्तानी करना आसान नहीं : जस्टिन लैंगर


**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपए की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है।

## आईपीएल: कार्तिक ने 41 रन बनाए, नूर ने झटके दो विकेट

# सैमसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी से सीएसके ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

धीमी और गेंदबाजों की मददगार पिच पर संजू सैमसन की 52 गेंदों में 87 रन की नाबाद पारी के बूते चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 15 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद सुपरकिंग्स ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। चेन्नई सुपरकिंग्स की यह 10 मैचों में पांचवीं जीत है और टीम तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छठी हार के बाद आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर है और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जिस पिच पर अन्य बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, सैमसन ने वहां धाराप्रवाह बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और छह छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए युवा कार्तिक शर्मा (नाबाद 41) के साथ 66 गेंदों में 114 रन की अटूट साझेदारी की। पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले कार्तिक ने 31 गेंदों की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगा कर समझदारी से बल्लेबाजी की। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने एक-एक सफलता हासिल की। इससे पहले ट्रिस्टन स्टब्स (38) और समीर रिजवी (नाबाद 40) के बीच छठे विकेट के लिए 47 गेंदों में 65 रन की साझेदारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए।




### दिल्ली-155/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| निसंका का ब्रेविस बो चौधरी | 19 |
| लोकेश का गायकवाड़ बो हुसैन | 12 |
| नीतिश राणा का कार्तिक बो नूर | 15 |
| करुण का गुरजपनीत बो नूर | 13 |
| अक्षर का हुसैन बो गुरजपनीत | 02 |
| स्टब्स का चौधरी बो ओवरटन | 38 |
| समीर रिजवी नाबाद | 40 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 14 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 02
कुल योग: 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन
विकेट पतन: 1-29, 2-36, 3-52, 4-61, 5-69, 6-134, 7-149
गेंदबाजी: हुसैन 4-0-19-1, मुकेश 4-0-31-1, कंबोज 4-0-49-1, नूर 3-0-22-2, गुरजपनीत 4-0-29-1, ओवरटन 1-0-5-0

### चेन्नई-159/2 (17.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 87 |
| रुतुराज का रिजवी बो एनगिडी | 06 |
| उर्विल पटेल स्टं. राहुल बो अक्षर | 17 |
| कार्तिक शर्मा नाबाद | 41 |

अतिरिक्त:08
कुल योग: 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन
विकेट पतन: 1-24, 2-45
गेंदबाजी: मिचेल 4-0-30-0, अक्षर 4-0-25-1, लुंगी 4-0-30-1, कुलदीप 3-0-34-0, टी नटराजन 2.3-0-39-0

### लड़खड़ाते पंजाब को पकड़नी होगी लय

**हैदराबाद।** पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी।

■ **आज शाम 7.30 बजे से हैदराबाद के खिलाफ अहम मुकाबला**

लगातार 6 मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी। पंजाब किंग्स भले ही 9 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था।

## तीरंदाजी विश्व कप

### देवताले का शानदार प्रदर्शन शीर्ष तीन में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ शंघाई

पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया।

#### अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर

महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ से सात अंक पीछे रही। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे।


**सबालेंका ने की ग्रैंड स्लैम की कमाई में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा नहीं मिलने पर बहिष्कार की मांग**

# हमारे बिना न तो टूर्नामेंट होगा और न ही मनोरंजन : सबालेंका

एजेंसी ▶▶ रोम

शीर्ष रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि अगर टेनिस खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की कमाई में अधिक हिस्सा मिलना शुरू नहीं होता तो उन्हें बहिष्कार करना चाहिए। सबालेंका और उनके साथी नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर उन बड़े खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने सोमवार को एक बयान जारी कर फ्रेंच ओपन की इनामी राशि पर 'गहरी निराशा' जाहिर की।

मंगलवार को सबालेंका ने कहा, 'हमारे बिना ना तो कोई टूर्नामेंट होगा और ना ही कोई मनोरंजन। मुझे लगता है कि हमें निश्चित रूप से कमाई का अधिक प्रतिशत मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि किसी ना किसी मोड़ पर हम इसका बहिष्कार करेंगे। मुझे लगता है कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा।'



**खिलाड़ी कर रहे चार ग्रैंड स्लैम में सुविधा की मांग**

खिलाड़ी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिका ओपन से बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य सुविधाएं और पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वे कुल इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिससे कुल राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (7 करोड़ 21 लाख डॉलर) हो जाएगी। यह राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी

**ताशकंद।** भारत के युवा मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को अलग-अलग वर्ग में जीत दर्ज की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में नोंगपोकंगनबा मैतेई ओइना (46 किग्रा) ने कजाखस्तान के अब्दुरखमान वुशानलो पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की जबकि प्रशांत (49 किग्रा) ने बकदाउलेट अखमेत को 5-0 से हराया। मोहम्मद यासिर (58 किग्रा) ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने किर्गिस्तान के अकबरजान नबिदजानोव के खिलाफ पहले ही राउंड में आरएससी (रैफरी ने मुकाबला रोका) के जरिए जीत हासिल की। निवेश पाल (54 किग्रा) ने भी कजाखस्तान के आदिलत गालियेव पर 5-0 से जीत हासिल कर प्रभावित किया जबकि रणवीर (66 किग्रा) को चीनी ताइपे के यिंग-चिएह चेन के खिलाफ वॉकओवर मिलने से अगले दौर में जगह मिल गई। अन्य मुकाबलों में लिलमणि सिंह लुक्रम (61 किग्रा) उज्बेकिस्तान के अजीजबेक एगंबरगानोव के खिलाफ तीसरे दौर में आरएससी के जरिए हार गए जबकि मेहुल राणा (70 किग्रा) को भी कजाखस्तान के अयान बाउरझान के खिलाफ शुरुआती राउंड में आरएससी से हार का सामना करना पड़ा।

### मैनचेस्टर सिटी की जीत का सिलसिला टूटा, खेला ड्रॉ



**लिवरपूल।** जेरेमी डोकु के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रॉ खेला, जिससे प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की स्थिति मजबूत हो गई। इस ड्रॉ के साथ सिटी का लगातार तीन जीत का सिलसिला टूट गया और वह अब आर्सेनल से पांच अंक पीछे हो गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 और सिटी के 34 मैच में 71 अंक हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय** पुत्र भगवत किशोर, निवासी पुलिस चौकी फराश खाना के पास, पुरानी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 121/2021 धारा 379/34 भा.द.स., थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 121/2021 धारा 379/34 भा.द.स., थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.06.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री वैभव गर्ग,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 138, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5115/N/2026

## काल ने उठाया राजस्थान रायल्स की बिक्री पर सवाल

# हम नहीं हटे थे बोली से पीछे, प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं : सोमानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मीनिवास मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त करते हुए इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम 'निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा' को नहीं दर्शाता है। राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार लक्ष्मीनिवास मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन



निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपए) में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली, क्योंकि सोमानी (टेक्नोलॉजी उद्यमी), रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट समूह) और शीला फोर्ड हैम्प (फोर्ड समूह) के समूह ने अपना नाम वापस ले लिया।

### हमारा समूह सौदा पूरा करने के लिए था तैयार : सोमानी

सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने कहा, 'छह महीने की लंबी प्रक्रिया के दौरान हम शुरू से अंत तक प्रमुख बोलीदाता थे और ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व समूह का हिस्सा न बन पाने से हम बेहद निराश हैं।' इसमें आगे कहा गया है, 'मीडिया में जो बातें फैलाई गई हैं उसके विपरीत हमारा समूह पूरी तरह से वित्त पोषित था और स्वामित्व हासिल करने के लिए तैयार था। हमारा समूह निश्चित रूप से सौदा पूरा करने के लिए तैयार था। हमने कभी भी अपनी बोली वापस नहीं ली।' समूह ने कहा कि उसके पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं और उसे बताया गया था कि फ्रेंचाइजी के बोर्ड की बैठक उसकी बोली को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई थी।

### सोमानी के दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं

*समूह ने कहा, 'लेकिन आखिर में ऐसा नहीं हुआ। हमने इस प्रक्रिया को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, पेशेवरपन और सद्भावना के उच्चतम मानकों के साथ आगे बढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'हमारा मानना है कि आखिर में, जो परिणाम सामने आया वह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रतिबिंबित नहीं करता है।' सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसके दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं थीं, जो फ्रेंचाइजी के मौजूदा मालिकों मनोज बदाले और समूह की जांच में खरी नहीं उतरी। मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का लगभग 75 प्रतिशत, जबकि पूनावाला के पास लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा होगा।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जहांगीर** पुत्र वकील अहमद, निवासी सी–49/बी–314, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 32295/2021 धारा 379/411 भा.द.स., थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जहांगीर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जहांगीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 32295/2021 धारा 379/411 भा.द.स., थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जहांगीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **09.06.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5892/NE/2026



" अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती। "
मोर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त
Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores
Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets


## वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम 3 दिवसीय भारत दौरे पर

# गया एयरपोर्ट पर सीएम सम्राट चौधरी ने किया स्वागत
## महाबोधि मंदिर में की पूजा, बोधि वृक्ष के नीचे किया ध्यान

एजेंसी ▶▶ पटना

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम 5 मई 2026 को तीन दिवसीय भारत दौरे की शुरुआत में बिहार के गया पहुंचे। गया एयरपोर्ट पर बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सीएम



सम्राट चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि वियतनामी राष्ट्रपति की यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। राष्ट्रपति तो लाम ने बोधगया के प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की और पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान साधना भी की। राष्ट्रपति के साथ 80 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया पहुंचा है।


वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की

### रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे

इस दौरे को भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर होगा। भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और सभ्यता से जुड़े रिश्ते हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में और गहरे हुए हैं। राष्ट्रपति तो लाम का दौरा ऐसे मौके पर हो रहा है जब दोनों देश 2016 में पीएम मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे होने पर सहमत हैं।

### एनएसए डोभाल ने की मुलाकात

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों के बीच बहुआयामी और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति तो लाम के साथ बुधवार को 11:30 बजे बजे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा। दोपहर बाद वह लोकसभा अध्यक्ष से आईटीसी मौर्या में मुलाकात करेंगे और फिर इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स द्वारा सप्रू हाउस में आयोजित कार्यक्रम में नीति भाषण देंगे। शाम को वह पुनः राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट करेंगे।

### मुंबई में बिजनेस फोरम में लेंगे भाग

7 मई को लाम मुंबई पहुंचेंगे, जहां वह छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन के बाद भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज का दौरा करेंगे। इसके बाद वह होटल ट्राइडेंट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और राज्यपाल से अलग-अलग मुलाकात करेंगे और एक बिजनेस फोरम में भी भाग लेंगे। रात 8:30 बजे वे वियतनाम के लिए रवाना होंगे।

### आज राष्ट्रपति भवन में स्वागत

बोधगया के दर्शन के बाद टो लाम मंगलवार को पटना से रवाना होकर दोपहर 3:20 बजे एयरफोर्स स्टेशन पालम के हवाई अड्डे पहुंचे। 6 मई को सुबह 9 बजे उनका औपचारिक स्वागत राष्ट्रपति भवन में किया जाएगा। इसके बाद वह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## जयशंकर ने की जमैका की विदेश मंत्री से मुलाकात

# दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, खेल और डिजिटल भुगतान पर किए गए एमओयू

एजेंसी ▶▶ किंग्सटन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापक और महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के नए अवसर तलाशे गए। बैठक में डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, खेल और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में हुए समझौतों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया गया, ताकि उनके वास्तविक परिणाम सामने आ सकें।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जमैका के दौरे पर अपनी समकक्ष विदेश मंत्री कामिना जे स्मिथ से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच बहुआयामी साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन, खेल-मनोरंजन, इंफ्रास्ट्रक्चर, क्षमता निर्माण और बहुपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मैंने विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ और दूसरे कैबिनेट मंत्रियों के साथ हमारी साझेदारी के अलग-अलग पहलुओं का गहराई से समीक्षा करने के लिए बैठक की। भारत और जमैका के संबंधों में विकास सहयोग एक महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है और दोनों देश इसे और मजबूत करने के नए रास्तों पर काम कर रहे हैं। बैठक में डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, खेल और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में हुए समझौतों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया गया, ताकि उनके वास्तविक परिणाम सामने आ सकें।

- 'शिक्षा, स्वास्थ्य और खेती समेत अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा
- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अवसर तलाशे गए


जमैका की विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ के साथ एस. जयशंकर

### जमैका के इंडस्ट्री और बिजनेस लीडर्स से की बातचीत

इसके अलावा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमैका के इंडस्ट्री और बिजनेस लीडर्स से बातचीत की। एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा कि आज दोपहर (स्थानीय समय) जमैका के इंडस्ट्री और बिजनेस लीडर्स से बातचीत की। इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे हम सब अलग-अलग तरह के काम कर रहे हैं और भरोसेमंद साझेदार ढूंढ रहे हैं, बिजनेस संबंधों को और गहरा करने की जरूरत और भी ज्यादा बढ़ गई है। हमारे आर्थिक सहयोग की संभावनाओं को, दोनों तरफ से और इलाके के लिए और भी तलाशने की जरूरत है। इस मीटिंग को बुलाने के लिए इंडस्ट्री मिनिस्टर सीनेटर ऑबिन हिल का शुक्रिया।

### जमैका पीएम से की मुलाकात

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और आधारभूत ढांचा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने जमैका के पीएम एंड्रयू होलनेस के साथ भी मुलाकात की, जिसमें वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करते हुए संबंधों को और गहरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

### भीष्म क्यूब मोबाइल अस्पतालों का तोहफा

मुलाकात के दौरान भारत की ओर से जमैका को 10 भीष्म क्यूब मोबाइल अस्पताल सिस्टम औपचारिक रूप से सौंपे गए। ये तेजी से तैनात किए जा सकने वाले अत्याधुनिक मोबाइल अस्पताल आपदाओं और आपात स्थितियों में जमैका की मदद करेंगे। डॉ. एस. जयशंकर ने इसे दोस्ती का प्रतीक, आपदा प्रबंधन की प्रतिबद्धता और भारतीय इनोवेशन का नतीजा बताया। इस मौके पर जमैका के स्वास्थ्य मंत्री क्रिस्टोफर टफ्टन भी मौजूद रहे।

### भारत ने दी डायलिसिस इकाइयां

उन्होंने कहा कि भारत द्वारा समर्थित 'ग्रामीण आजीविका सुधार परियोजना' सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जिससे किंग्सटन क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को सीधे लाभ मिला है और हजारों लोगों पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जमैका में कारीगरों के सशक्तिकरण के लिए एक विशेष केंद्र स्थापित करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। भारत ने पिछले वर्ष आए चक्रवात के बाद जमैका को राहत और पुनर्निर्माण में भी सहायता दी थी। इसके तहत राहत सामग्री, चिकित्सा दल और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। भारत द्वारा डायलिसिस इकाइयां और अन्य स्वास्थ्य संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी।

### कैरेबियन देशों का अहम दौरा

बता दें, डॉ. एस. जयशंकर 2 से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद-टोबैगो के आधिकारिक दौरे पर हैं। इन देशों में गिरमिटिया भारतीय समुदाय की मजबूत उपस्थिति के चलते दोनों पक्षों के बीच विशेष सांस्कृतिक जुड़ाव है। वहीं विदेश मंत्री का यह दौरा भारत और कैरेबियन देशों के बीच रणनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


## 72% स्वदेशी उपकरणों से लैस होंगी यह प्रणालियां, रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

# सेना ने बीईएल संग किया 1,476 करोड़ का अनुबंध, मिलेंगी 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच सेना ने हैदराबाद स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ मंगलवार को कुल 1 हजार 476 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसकी मदद से सेना को पांच जमीन पर स्थित मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम मिलेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह प्रणाली 72% स्वदेशी उपकरणों से युक्त होगी। समझौते पर राजधानी स्थित कर्तव्य भवन में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, इस सैन्य उत्पाद की खरीद रक्षा मंत्रालय की स्वदेशी डिजाइन के आधार पर विकास और निर्माण श्रेणी (बॉय इंडिया-इंडिजिनली डिजाइन्ड, डेवलप एंड मैन्युफैक्चर्ड) के तहत की जाएगी।



### सेना को होगा यह लाभ

मंत्रालय ने कहा कि इस प्रणाली की मदद से भारतीय सेना की इकाइयों का आधुनिकीकरण होगा। साथ ही यह देश के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण तंत्र को भी सुदृढ़ बनाएगा। यह समझौता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की मेक इन इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।

## भारत-जापान स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर सहमत



**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। नई दिल्ली में आयोजित तीसरी संयुक्त समिति बैठक में दोनों देशों ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, मजबूत चिकित्सा आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल स्वास्थ्य में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति मंत्री किमी ओनोदा ने की। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह बैठक दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है। जापान की मंत्री किमी ओनोदा ने भी कहा कि उनका देश तकनीक, शोध और नवाचार के माध्यम से भारत के साथ सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

## दो भारतीय पत्रकारों को पुलित्जर अवार्ड

**नई दिल्ली।** दो भारतीय पत्रकारों ने भारत में साइबर अपराध को उजागर करने वाली एक खोजी रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार जीता है। आनंद आरके और सपना शर्मा को नैटली ओबिको पियर्सन के साथ 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया।

## लैंडिंग के लिए नीचे उतरते ही अमेरिकी विमान का संपर्क टूटा

### कतर के ऊपर भर रहा था उड़ान, अचानक रडार से हुआ गायब

# इमरजेंसी सिग्नल जारी करने के बाद केसी-135 विमान लापता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/दोहा

मिडिल ईस्ट में गहराते तनाव के बीच अमेरिका की वायुसेना का एक केसी-135 विमान लापता हो गया है। यह विमान कतर के ऊपर आसमान में उड़ान भर रहा था और अचानक रडार से गायब हो गया। फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइट रडार 24 के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान '7700' डिस्ट्रेस सिग्नल जारी किया, जो किसी इमरजेंसी हालात का संकेत होता है। केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान को फ्लाइंग गैस स्टेशन भी कहा जाता है क्योंकि यह हवा में ही लड़ाकू विमानों को ईंधन उपलब्ध कराता है। फ्लाइट रडार 24 के डेटा का हवाला देते हुए इस विमान के गायब होने की खबर दी।


विमान केसी-135 की कतर के ऊपर उड़ान भरते समय की स्थिति

### सैन्य विमान है केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर

केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर एक सैन्य विमान है जिसमें चार टर्बोफैन इंजन लगे होते हैं (जो इसके पंखों के नीचे लगे होते हैं) और इसका इस्तेमाल हवा में ही ईंधन भरने के लिए किया जाता है। इस विमान में ईंधन भरने की प्रणाली के ऊपर एक कार्गो डेक होता है, जिससे यह यात्रियों और उपकरणों दोनों को ले जाने में सक्षम होता है। इस विमान का इस्तेमाल हवा में उड़ते हुए अन्य विमानों को ईंधन देने के लिए किया जाता है। लंबे अरसे से यह विमान अमेरिकी वायु सेना के अभियानों का हिस्सा रहा है।

### यूएई के अल धफरा एयर बेस पर तैनात था

यह विमान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पर तैनात था और मिडिल ईस्ट में सैन्य ऑपरेशनों में हिस्सा ले रहा था। ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक यह विमान कुछ समय तक हवा में चक्कर लगाता रहा और फिर लैंडिंग के लिए नीचे उतरना शुरू किया, लेकिन इसके बाद उससे संपर्क टूट गया। इमरजेंसी का सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। बता दें, इससे पहले मार्च महीने में ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ने अपना एक केसी-135 विमान खो दिया था।


पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज


डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें?
इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया
सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

Himachal Pradesh — अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।

Assam — मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउस वाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।

Gujarat — बालकृष्ण गोपाल राव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।

Chhattisgarh — हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।

Uttar Pradesh — प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।

Maharashtra — कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores
नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॉक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109